CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 08°C
तापमान

सेंसेक्स 74,340.09
निफ्टी 22,544.70

सोना 88,200
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 7 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 341 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 6 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

# उत्तराखंड में अब बारामासी रहेगा टूरिज्म: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रधानमंत्री ने 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की उत्तराखंड विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग

**हर्षिल/उत्तरकाशी।** एक दिवसीय शीतकालीन यात्रा पर गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुखवा और हर्षिल से उत्तराखंड में शीतकालीन तीर्थाटन और पर्यटन की जोरदार ब्रांडिंग की। उन्होंने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों से लेकर कॉरपोरेट और फिल्म उद्योग तक को विंटर सीजन में उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की है। हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बीते दिनों माणा में हुए हिमस्खलन में दिवंगत लोगों के प्रति दुख: व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की यह भूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने उत्तराखंड से अपना आत्मीय लगाव, व्यक्त करते हुए कहा कि वो जीवनदायिनी मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर अपने परिवारजनों के बीच पहुंचकर धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा की कृपा से ही उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला। मां गंगा के आशीर्वाद से ही वह काशी पहुंच,



सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने ही उन्हें काशी बुलाया है। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने -शेष पृष्ठ दो पर

## हर विपदा में प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे: पुष्कर धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड पर जब भी कोई विपदा आई है, चाहे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आई प्राकृतिक आपदा, जोशीमठ में भूधंसाव, सिलक्यारा टनल हो या फिर अभी हाल ही में चमोली में माणा गांव के पास हुई हिमस्खलन की घटना हो।

प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चार हजार 81 करोड़ रुपये की लागत से गौरीकुंड से केदारनाथ और 27 सौ 30 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोप-वे निर्माण की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों रोप-वे परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद तीर्थयात्रियों को आवगमन के लिए सुगमता होगी और प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का एक प्रमुख आधार है। होटल व्यवसायियों से लेकर टैक्सी चालकों, स्थानीय दुकानदारों के साथ ही यात्रा से जुड़े हुए लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि शीतकाल में उत्तराखंड के चारों धामों के कपाट बंद होने के बाद इन सभी लोगों की आर्थिकी प्रभावित होती थी।

# POK वापसी के बिना कश्मीर हल संभव नहीं

## कश्मीर के सवाल पर जयशंकर ने पाकिस्तानी पत्रकार को दिया जवाब

लंदन, वार्ता

■ कहा : हमने इस क्षेत्र में अधिकांश मसले को हल करने के लिए अच्छा काम किया

**विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर** ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है।

डा. जयशंकर ने यहां चैथम हाउस में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना, जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं, तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं।



### भारत ने की खालिस्तानियों के हंगामे और राष्ट्रध्वज के अपमान की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों द्वारा हंगामा और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किए जाने की कड़ी निंदा की है तथा ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की निष्क्रियता पर क्षोभ व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां मीडिया के सवालों पर कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यात्रा के दौरान सुरक्षा भंग के फुटेज देखे हैं। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की भर्त्सना करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने राजनयिक दायित्वों को पूरी तरह से पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने लंदन में डा. जयशंकर का रास्ता रोकने का प्रयास किया, भारत विरोधी नारे लगाए तथा भारतीय ध्वज फाड़ दिया, जबकि वहां मौजूद स्थानीय सुरक्षा अधिकारी हस्तक्षेप करने की बजाय पूरी तरह से निष्क्रिय और उदासीन बने रहे।

## हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार हर जरूरतमंद के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर यूपी सरकार को लगाई कड़ी फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अतीक से जुड़ी संपत्ति मानकर गिरा दिए थे मकान

■ वकील और प्रोफेसर के घरों को अवैध रूप से तोड़ने पर पुनर्निर्माण के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में 2021 में हुए एक बुलडोजर एक्शन को लेकर यूपी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उन्हें नोटिस मिलने के कुछ घंटों के भीतर बुलडोजर चला दिया गया। जवाब देने या कानूनी बचाव का मौका तक नहीं दिया गया। रविवार, 7 मार्च 2021 को हुई इस कार्रवाई में प्रोफेसर अली अहमद और वकील जुल्फिकार हैदर समेत कुल 5 लोगों के मकान गिराए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शनिवार, 6 मार्च की रात को नोटिस दिया गया। हालांकि नोटिस पर एक मार्च की तारीख लिखी थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर यह मकान बने थे, वह लोग -शेष पृष्ठ दो पर

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जाए। पीठ ने श्री स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया।




## गंगा सफाई गारंटी पर वादा भूल गए मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगे योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था कि उनको 'मां गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है।

## पोर्ट स्टेनली से केपटाउन के लिए रवाना हुई तारिणी

**नई दिल्ली।** समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने निकली नौसेना की दो महिला अधिकारियों की नौका तारिणी पोर्ट स्टेनली से अगले चरण में केप टाउन के लिए रवाना हो गई है।

# कौशांबी से खालिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र से एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में गुरुवार तड़के आंतकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं आईएसआई मॉड्यूल के दुर्दांत आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में असलहा और गोला बारूद बरामद किए गए।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सकाढा मोड़ के पास यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड,तीन जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक रूस निर्मित पिस्टल और 13 जीवित कारतूस के अलावा फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है।



■ एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में असलहा और गोला-बारूद बरामद

## उप्र विस के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र पूरा हो गया है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही कुल 72 घंटे 56 मिनट तक चली। जबकि 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चार दिन चर्चा हुई। इसमें 147 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बजट पर साधारण चर्चा 4 दिन तक हुई। जिसमें कुल 94 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 3 विधेयक पारित हुए। सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और समेत सभी दलीय नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन में सदस्य जो भी वायदा अपने क्षेत्र में करें उसे पूरा जरूर करें।

# अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से 42 महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 42 महिलाओं को गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन महिलाओं को 2025 के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर, श्रम, रोजगार युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन और लोकसभा सदस्य मनोज तिवारी सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। श्री गडकरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐसे समाज के निर्माण की जरूरत है, जहां समानता हो और हीनता की भावना नहीं हो।



■ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नवाजा गया



# उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्रों की नौकरी पर संकट के बादल

## यूपी में अवकाश लेकर हो रहे गायब, अब उत्तर प्रदेश में खंगाली जाएगी कुंडली

**लखनऊ, वार्ता**




पूरे उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों की कुंडली खंगाली जाएगी। यह आदेश राज्य परियोजना निदेशक ने दिए हैं। आदेश में बताया गया है कि ये शिक्षा मित्र प्रदेश के कई मंडलों में लंबे समय से अवैतनिक अवकाश लेकर गायब चल रहे हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अब लखनऊ मंडल में ऐसे 270 शिक्षामित्रों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है , ताकि इस तरह का मामला कहीं पाया जाता है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

एक दैनिक अखबार ने 15 जनवरी को यह मामला उठाया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया था कि लखनऊ मंडल से जुड़े शिक्षामित्रों के अवैतनिक अवकाश लेकर लंबे समय से गायब रहने व इसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निदेशालय ने मंडल के सभी जिलों के बीएसए को ऐसे शिक्षामित्रों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सभी बीएसए से समग्र शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जिलों में कार्यरत शिक्षामित्रों का विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान बड़ी बात कही गई थी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर जवाब दिया था। यूपी के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि यूपी के शिक्षामित्र को वर्तमान में 10000 प्रति महीने के हिसाब से मानदेय दिया जा रहा है। पहले 3500 प्रति महीने के हिसाब से शिक्षामित्र को मानदेय दिया जाता था। बाद में शिक्षामित्र के मानदेय में 10000 की बढ़ोतरी की गई है।

विपक्ष के माध्यम से जब सवाल पूछा गया कि शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर क्या विचार है तो इस पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि अभी शिक्षामित्र के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। क्योंकि पहले ही शिक्षामित्र के मानदेय में 3500 से बढ़कर 10000 कर दिया गया है। अभी भविष्य में शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी का कोई विचार नहीं है। अब उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्र के अवैतनिक अवकाश को लेकर जल्द कार्रवाई शुरू होगी। जो शिक्षामित्र वेतन अवकाश लेकर किसी और कार्य में संलग्न है, उन शिक्षामित्र की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

# यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मिला नया सीईओ

**लखनऊ, वार्ता**



- हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का दिया आदेश, अजीज को किया कार्य मुक्त

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को लंबे समय बाद एक स्थायी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिल गया है। हाईकोर्ट ने अनुभवी और ईमानदार अधिकारी जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। वे पहले भी इस महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं और उनकी प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

बोर्ड में स्थायी सीईओ की गैरमौजूदगी के कारण वक्फ संपत्तियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य अटके हुए थे, खासकर धारा 52 और 54 के तहत होने वाली कार्रवाहियां। वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण और अनियमितताओं को रोकने के लिए ये धाराएं बेहद अहम हैं, लेकिन सीईओ के अभाव में इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अस्थायी रूप से अजीज अहमद को सीईओ का चार्ज सौंपा था, लेकिन उनके पास पहले से ही सचिवालय और सुन्नी वक्फ बोर्ड की सीईओ की जिम्मेदारी थी, जिससे वे शिया वक्फ बोर्ड के कार्यों को पूरी तरह संचालित नहीं कर पा रहे थे। इसके चलते बोर्ड के प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गए थे और हितधारकों में निराशा बढ़ रही थी। बोर्ड के कार्यों में हो रही देरी और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया और सरकार को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश भी दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले का वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों और हितधारकों ने स्वागत किया है। वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर जीशान रिजवी की सख्त कार्यशैली जानी जाती है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि अब लंबित मामलों का जल्द निस्तारण होगा और वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। इस फैसले पर 'सेव वक्फ इंडिया ' के वाइस प्रेसिडेंट सैयद रिजवान मुस्तफा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय वक्फ संपत्तियों की रक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जीशान रिजवी की नियुक्ति के बाद अब बोर्ड के कार्यों में नई ऊर्जा और गति आने की संभावना है। लंबित मामलों का समाधान, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उनकी अगुवाई में वक्फ बोर्ड किस तरह अपनी कार्यप्रणाली को सशक्त और प्रभावी बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक असमानता में सौ वर्षों का रिकॉर्ड टूटा: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और करीब एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका मतलब सौ साल पहले जितनी असमानता थी वह आज है। उन्होंने कहा कि एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था इस हालत में है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। सरकार ने लोगों को उनकी बदहाली में छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों पर देश के लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया और देशवासियों का 94 लाख करोड़ रुपया शेयर बाजार में डूब गया। लोगों की जिंदगी की गाढ़ी कमाई का पैसा डूब गया, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने चंद मित्रों का सोलह लाख करोड़ रुपया माफ किया। यह देश के लोगों का पैसा था। उन्होंने कहा कि सरकार अनाप शनाप टैक्स लगाकार लोगों से पैसा वसूलती है और अपने मित्रों का कर्ज माफ कर देती है।

### महिला दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। महिला दिवस के अवसर पर 'वह भारत का निर्माण कर रही है' हैशटैग से सोशल मीडिया पर एक मेगा अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ मेरा युवा भारत पोर्टल के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भाग लेंगी।

# एसिड अटैक पीड़िताओं को दी जाएगी आर्थिक मदद

**नई दिल्ली, वार्ता**

- नई दिल्ली में आठ को होगा अपराजिता सम्मान समारोह, समग्र समाज के लिए जागरूकता की मुहिम चला रहा किसान ट्रस्ट


किसान ट्रस्ट के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित अपराजिता समारोह में एसिड अटैक पड़िताओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह समारोह आठ मार्च को आयोजित होगा। इसमें समाज में समावेशिता और न्याय की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने पर मंथन किया जाएगा। यह प्रथम अपराजिता सम्मान समारोह होगा। इसमें महिलाओं की दृढ़ता और उपलब्धियों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान में दो प्रमुख पैनल चर्चा होंगी जिनमें विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और समाज में बदलाव लाने वाले प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी रहेगी।

पहली चर्चा में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया जाएगा, जिनमें बचपन से स्वास्थ्य जागरूकता की कमी, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने में आने वाली चुनौतियां, रजोनिवृत्ति से जुड़े मिथकों को तोड़ना, और समग्र कल्याण के लिए पोषण और फिटनेस की भूमिका शामिल है। इस सत्र में विश्व बैंक की दीपिका आनंद , सर्वोदय अस्पताल से जुड़े डा. शहला जमाल, पोषण विशेषज्ञ ईशी खोसला और सामाजिक प्रभाव विशेषज्ञ शैफालिका पांडा अपनी राय साझा करेंगी और इसका संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा अहलावत करेंगी। दूसरी चर्चा में डिजिटलीकरण महिलाओं के जीवन को कैसे बदल रहा है, आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने में इसकी क्या भूमिका है। इस पर चर्चा होगी यहां गेट्स फाउंडेशन की अर्चना व्यास डा. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल से उमंग माथुर नताशा जोग और संया सेठ (यूएन वीमेन) प्रमुख वक्ता होंगी और इसका संचालन लीडरशिप कोच शिल्पी सिंह करेंगी। यह जानकारी किसान ट्रस्ट अध्यक्ष डा. यशवीर सिंह ने दी।

## मुख्यमंत्री योगी 2100 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए टूल किट

# यूपी में दस लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेंगे

**गोरखपुर, वार्ता**



- युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को शुरू की गई थी
- एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, अभी 254794 हजार आवेदन आ चुके हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम में योगी ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपए वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जिलों गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था। हमें पता था कि आपके पास विजन है, उसे धरातल पर उतारने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। कई नौजवान स्टार्टअप-कारोबार प्रारंभ करना चाहते, लेकिन पूंजी का अभाव होता है। हमने तय किया कि उसकी मजबूरी को मजबूरी नहीं रहने देंगे, बल्कि उसके विजन को धरातल पर उतारेंगे। योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है।

## बसपा का अब हो गया है भाजपाकरण: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी का उदय सामाजिक न्याय के धरातल पर हुआ है लेकिन अब उसका भाजपाकरण हो गया है और इसी आधार पर वह राजनीतिक निर्णय ले रही है। कांग्रेस नेता तथा दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटीस एवं आदिवासी-डोमा परिसंघ के चेयरमैन डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुजन समाज पार्टी का उत्थान अन्य दलों से भिन्न स्तर का रहा है। इसकी शुरुवात सामाजिक आंदोलन से हुई और बाद में राजनीतिक दल बसपा बना और अब इसका पूरी तरह से भाजपाकरण हो गया है। उन्होंने कांग्रेस को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए कहा कि पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरा.धी और दलित विरोधी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता। बसपा को गरीबों के खून पसीने से गठित पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि बसपा को जन्म और ताकत देने वाले गरीब दलित और कर्मचारी थे। सामाजिक न्याय और समानता की सोच रखने वाले दलों तथा संगठनों के साथ कांग्रेस की हमेशा साहनुभूति रही है। इस आंदोलन से जुड़े हर समुदाय या दल के साथ कांग्रेस की सहानुभूति कुछ ज्यादा ही रही है। पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए लेकिन पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरोधी और दलित विरा.धी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता।

## अर्थ व्यापार

# तरलता की घोषणा से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**



एशियाई बाजारों की तेजी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए इस महीने एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदने की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.86 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत उछलकर करीब दो सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,340.09 अंक पर पहुंच गया। पिछले लगातार दो दिनों में सेंसेक्स में 1350.16 अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह निवेशकों की बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश धारणा मजबूत रही। इससे मिडकैप 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,009.30 अंक और स्मॉलकैप 1. 63 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,265.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4103 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3006 में तेजी जबकि 990 में गिरावट रही, वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य 12 में बिकवाली हुई। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ नीति में बदलाव का भारतीय बाजार पर कोई विशेष प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप कनाडा और मैक्सिको के साथ टैरिफ को लेकर समझौते की दिशा में बढ़ रहे हैं, जिससे वैश्विक बाजार में सकारात्मक संकेत देखने को मिल रहे हैं। आरबीआई ने घोषणा की है कि बैंलकग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए वह इस वर्ष 12 मार्च और 18 मार्च को दो अलग.अलग चरण में एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। साथ ही 24 मार्च को 10 अरब डॉलर/रुपए की खरीद/बिक्री स्वैप ऑक्शन करेगा।

### इको टूरिज्म और स्थानीय आजीविका पर ध्यान देगी सरकार: उमर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि सरकार बंगस को एक ऑफ-बीट गंतव्य के रूप में विक. सित करने की योजना बना रही है और पर्यटकों के लिए कुछ बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए धन आवंटित किया गया है, लेकिन धन का उपयोग वन मंजूरी से जुड़ा हुआ है जो क्षेत्र के नियोजित विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री पिछले दो वर्षों में बंगस घाटी के विकास के लिए उपयोग किए गए धन के बारे में सदस्य शेख खुर्शीद द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। पर्यटन विभाग के प्रभारी मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री ने विधानसभा को सूचित किया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत आवंटन 30 लाख रुपए है, जिसमें से 24 लाख रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट चढ़कर 4749 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में अब...** उन्हें गोद ले लिया है, अब अपने बच्चे के प्रति मां गंगा का दुलार ही है कि वो आज खुद मुखवा गांव पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि वो हर्षिल की धरती पर आकर, अपनी दीदी भुलियों को भी याद कर रहे हैं, क्योंकि वो उन्हें हर्षिल की राजमा और अन्य लोकल प्रॉडक्ट भी भेजती रहती हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले जब वो बाबा केदार के दर्शन के लिए आए थे, तो बाबा के दर्शन के बाद उनके मुंह से अचानक ही भाव प्रकट हुआ कि ये दशक उत्तराखंड का होने जा रहा है। ये भाव भले ही उनके थे, लेकिन इसके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति बाबा केदार की थी। अब बाबा के आशीर्वाद से ये शब्द धीरे-धीरे सच्चाई में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दशक अब उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड की प्रगति के लिए, नए-नए रास्ते खुल रहे हैं, जिन आकांक्षाओं को लेकर उत्तराखंड का जन्म हुआ था, उत्तराखंड नित नए लक्ष्य और संकल्प लेते हुए, उन्हें पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड की आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए अपने टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी या बारामासी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 365 दिन का पर्यटन जरूरी है। वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में कोई भी पर्यटन सीजन ऑफ नहीं रहे, बल्कि हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। श्री मोदी ने कहा कि अभी पहाड़ों पर मार्च से जून के बीच ही ज्यादातर पर्यटन आते हैं, जबकि इसके बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो जाती है। अभी सर्दियों के सीजन में होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे खाली पड़े रहते हैं। ये असंतुलन साल के बड़े हिस्से में उत्तराखंड की आर्थिकी को सुस्त कर देता हैं। जबकि सच्चाई यह कि अगर देश- विदेश के लोग, सर्दियों में यहां आएं ,तो उन्हें सच्चे अर्थ में देवभूमि की आभा के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि विंटर टूरिज्म में यहां लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटी का रोमांच मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट...** उसके लीज होल्डर थे। प्रशासन ने उस जगह को माफिया और राजनेता अतीक अहमद से जोड़ते हुए यह कार्रवाई की थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया था कि वह भूमि नजूल लैंड थी। उसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। 1906 से जारी लीज 1996 में खत्म हो चुका था। याचिकाकर्ताओं ने लीज होल्ड को फ्री-होल्ड करने का आवे. दन दिया था। उन आवेदनों को 2015 और 2019 में खारिज किया जा चुका है। ऐसे में बुलडोजर कार्रवाई के जरिये अवैध कब्जे को हटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस. ओका और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच आनन-फानन में मकान गिरा दिए जाने को गलत कहा। जस्टिस ओका ने कहा कि क्या आपको पता है कि संविधान में अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) जैसा भी कुछ है? जिस तरह का यह मामला है, उसका एक समाधान यह हो सकता है कि हम सरकार के खर्च पर इन मकानों को दोबारा बनवाएं। 2 जजों की बेंच ने हाल ही में बुलडोजर एक्शन पर आए सुप्रीम कोर्ट के दूसरी बेंच के फैसले का हवाला दिया। उस फैसले में कहा गया था कि लोगों को पर्याप्त समय और कानूनी बचाव का मौका देने के बाद ही विध्वंस की कार्रवाई हो सकती है। यूपी सरकार के लिए पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए हाईकोर्ट भेजने का सुझाव दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे मना करते हुए 21 मार्च को अगली सुनवाई की बात कही।

### उप्र में 50 किमी की रफ्तार से चलीं पछुआ हवाओं से गिरा पारा

**लखनऊ।** यूपी में पिछले तीन दिन से चल रही पछुआ की रफ्तार बुधवार को 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को भी पार कर गई। हवा के असर से प्रदेशभर में बीते 24 घंटों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट आई है। साथ ही एक बार फिर से सुबह-शाम का मौसम सुहाना हो गया है। गुरुवार को भी प्रदेश में तेज हवा का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से पछुआ की रफ्तार थमेगी, इसके बाद तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उप्र में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद पीछे खाली जगह भरने को चली पछुआ हवा की रफ्तार बुधवार को 51 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। इसके असर से दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार के बाद हवा की रफ्तार थमेगी और अगले तीन से चार दिनों में पारा जितना गिरा है, उतना चढ़ेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बैंड बाजा बारात गैंग का भंडाफोड़, तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बैंड बाजा बारात गैंग का भंडाफोड़ कर तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई 2,14,000 रुपए की नकदी, एक मोबाइल फोन, एक जोड़ी पायजेब, 04 जोड़ी चुटकी और एक कमरबंद (सभी चांदी के आभूषण) बरामद किए है।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर शादी समारोहों में चोरी के तीन मामले सुलझा लिए है।गैंग मध्य प्रदेश से आता है, जो उत्तर भारत में भव्य शादियों में काम करता है दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि ऐसी कई घटनाएँ सामने आ रही थीं कि दिल्ली और एनसीआर में कुछ गैंग सक्रिय हैं, जो विवाह स्थलों पर शगुन/आभूषण/नकदी से भरे बैग चुरा रहे हैं।

इसके बाद एसीपी सुशील कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर दलीप कुमार के नेतृत्व में एसआई अशोक कुमार, विजय कुमार हुड्डा, विजय कुमार, कांस्टेबल.प्यार सिंह, सोनू,.सोमेश और विनीत कुमार की टीम ने विवाह समारोहों के सभी उपलब्ध वीडियो फुटेज का विश्लेषण करना शुरू किया। टीम द्वारा विश्लेषण करने पर, एक किशोर सहित तीन संदिग्धों की पहचान की गई। इसी बीच टीम ने एक गुप्त सूचना पर छापेमारी कर तीन आरोपी अज्जू (24),कुलजीत (22) और कल्लू (25)तथा एक किशोर को उस समय पकड़ लिया जब वे शास्त्री पार्क मेट्रो डिपो, शास्त्री पार्क के पास बस स्टॉप पर खड़े थे और मध्य प्रदेश में अपने गांव की ओर जा रहे थे। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के गुलखेरी, कड़िया नामक एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। शादी के मौसम में, वे दिल्ली और एनसीआर तथा उत्तर भारत के अन्य मेट्रो शहरों में विवाह समारोहों के दौरान विवाह स्थलों पर चोरी करने के लिए जाते हैं।

## जीटीबी व एलएनजेपी अस्पताल के निरीक्षण में दिखी बदइंतजामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) में 40 फीसदी से ज्यादा डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीपीई किट समेत दूसरे चिकित्सकीय उपकरण बिना उचित इंतजाम के अस्पताल में पड़े हैं। सीटी स्कैन मशीनें भी पुरानी है। यह खुलासा मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अस्पताल के दौरे के दौरान हुआ। इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आम दिल्लीवालों को इलाज मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। दिल्ली के सभी अस्पतालों का रिव्यू होगा। लंबित प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के लिए कमेटी बनाई जाएगी। इससे तयशुदा समय में सभी सुविधाएं विकसित हो सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर और एलएनजेपी अस्पताल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीपीई किट समेत दूसरे चिकित्सकीय उपकरण इधर-उधर रखे नजर आए। सही तरीके से इनका भंडारण नहीं किया गया था। वहीं, अस्पताल में अभी तक पुरानी सीटी स्कैन मशीन से लोगों की जांच हो रही थी। इसके साथ अस्पताल में 40 प्रतिशत डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की भी कमी मिली। इस तरह की अव्यवस्था से सीएम ने नाराजगी जाहिर की और सभी सुविधाओं को दुरूस्त करने का निर्देश भी दिया। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि अस्पतालों में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली सरकार की यह प्राथमिकता है। इस मकसद का हासिल करने के लिए अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा।

# घोषित बदमाश को चाकुओं से गोदा, दो साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वसंत विहार इलाके में महिला दोस्त पर परेशान करने पर कुछ युवकों ने इलाके के घोषित बदमाश विशाल को चाकुओं से गोद दिया था।

पीड़ित का एम्स के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। किशानगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरा. पी राहुल थापा और उसके दो दोस्त मोहित थापा व रोहित तमांग उर्फ एंडी तमांग को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी और चाकू भी बरामद कर लिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि डी-ब्लॉक, वसंत विहार

**■ आरोपी के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी व चाकू भी बरामद कर लिया गया**

निवासी विशाल पुत्र जॉनी को घायलावस्था में एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती होने के संबंध में तीन मार्च को पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना के बाद एसआई दीपक तंवार व एएसआई राजपाल स्टाफ के साथ एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। घायल विशाल ने बताया कि राहुल थापा, मो. हित थापा और एंडी नेपाली उर्फ रो. हत तमांग ने मुनरिका मार्केट में उसके साथ झगड़ा किया और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि घायल विशाल वसंत विहार थाने का बीसी है और दोनों पक्षों के बीच लड़की को लेकर रंजिश चल रही है। एसआई दीपक तंवर की टीम ने घटनास्थल के पास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मूलरूप से नेपाल के रहने वाले सभी आरोपी मुनिरका में रहते हैं। आरोपी राहुल थापा पहले दिल्ली के विभिन्न पुलिस थानों में सात आपराधिक मामलों में वांछित है। रो. हत के खिलाफ तीन और मोहित के खिलाफ एक मामला दर्ज है।

## एक नजर

### साहित्य का महाकुंभ आज से, जुटेंगे 700 से ज्यादा रचनाकार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के साहित्योत्सव का आज शुक्रवार से आगाज हो रहा है। 12 मार्च तक रवींद्र भवन परिसर में चलने वाले साहित्य के इस महाकुंभ में देश भर के 700 से ज्यादा नामचीन लेखक व साहित्यकार हिस्सा लेंगे। वहीं, उत्सम में 50 से ज्यादा भाषाओं का प्रतिनिधित्व होगा। साहित्य अकादमी पुरस्कार अर्पण उत्सव का मुख्य आर्कषण होगा। इसमें 2024 के अकादमी पुरस्कारों के लिए चयनित साहित्यकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि इस साल यह एशिया का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव होगा। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को इसका उद्घाटन करेंगे। छह दिवसीय आयोजन में करीब 100 अधिक विभिन्न सत्र होंगे। इसमें अलग-अलग भाषाओं के 700 से ज्यादा नामचीन लेखक और साहित्यकार शामिल होंगे। इस दौरान देश भर में चलने वाली साहित्यिक गतिविधियों पर संजीदा विमर्श होगा। साहित्य जगत के इस महामंथन से निकला अमृत साहित्यकारों के साथ पाठकों को साहित्य के नए आयामों से परिचित कराएगा। अकादमी का कहना है कि आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को अर्पण समारोह है। इसमें साहित्य अकादमी पुरस्कारों से नवाजे गए साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। मंडी हाउस स्थित कमानी सभागार में शाम पांच बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर के साहित्यकार जुटेंगे।

### उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन (3-दिवसीय) आयोजित हुआ। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के दौरान, 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार; उद्यमिता शिक्षा; उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र; मनोविज्ञान और उद्यमिता; एमएसएमई उद्यमिता; प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता; स्टार्टअप और नवाचार; हरित और स्थायी उद्यमिता; सामाजिक उद्यमिता; संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता; महिला उद्यमिता; ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवा. रिक व्यवसाय के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए।

### विद्या बालन बनी फेडरल बैंक की ब्रांड एम्बेसडर




**नई दिल्ली।** बरसों से एक प्रभावशाली विरासत के साथ भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक फेडरल बैंक ने आज मशहूर और सम्माननीय अभिनेत्री विद्या बालन को अपना पहला ब्रैंड ऐंबैसेडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह घोषणा मुंबई में एक विशेष समारोह के दौरान की गई, जहाँ सुश्री विद्या बालन को फेडरल बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के.वी.एस. मनियन द्वारा एक स्मृति चिह्न भेंट किया गया।यह सहयोग ब्रैंड की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर है क्योंकि यह अपनी बाजार स्थिति को बढ़ाना जारी रखे हुए है। हाल ही में, एक विश्लेषक बैठक में बैंक की वरिष्ठ टीम ने बैंक के लिए स्पष्ट दिशात्मक मार्ग निर्धारित किया था और उसमें ब्रैंड परिवर्तन अहम विषयों में से एक था। बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एम. वी. एस. मूर्ति ने कहा कि सुश्री विद्या बालन भौगोलिक क्षेत्रों, लिंगों और पीढ़ियों के बीच ध्यान आकर्षित करने के लिए एक बहुत ही योजनाबद्ध विकल्प थीं। हम सुश्री विद्या बालन चौंपियन फेडरल बैंक होने पर बहुत ही उत्साहित हैं।

### ओडिशा की महिला सशक्तीकरण पहल सुभद्रा की लाभार्थियों की संख्या 1 करोड़ के पार पहुंची



**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार की महत्वाकांक्षी महिला सशक्तीकरण पहल सुभद्रा ने सफलता का नया पड़ाव पार किया है। इस योजना की लाभार्थियों की संख्या 1 करोड़ के पार पहुंच गई है। 17 जून, 2024 को लॉन्च की गई ओडिशा की सबसे बड़ी महिला सशक्तीकरण की इस पहल के माध्यम से पूरे राज्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जाता है, उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाता है और उनका कौशल विकास किया जाता है।इस योजना के लिए बजट में 55,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें 2024-25 के लिए 11,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे। यह पहल सहभागी प्रशासन (पार्टिसिपेटरी गवर्नेंस) और टेक्नोलॉजी की मदद से वितरण का एक राष्ट्रीय मॉडल बनकर सामने आई है। ओडिशा की माननीय उपमुख्यमंत्री श्रीमती प्रवती परिदा ने कहा, 'सुभद्रा केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली योजना नहीं है। यह महिलाओं की आर्थिक आजादी की दिशा में एक आंदोलन है। यह महिलाओं के नेतृत्व में विकास को लेकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाली पहल है, जिसे डिजिटल इंडिया से मजबूती मिली है। टेक्नोलॉजी, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता को एकीकृत करते हुए हम सुनिश्चित कर रहे हैं पूरे ओडिशा की महिलाएं अपना भाग्य स्वयं लिखने में सक्षम बनें।

### मादीपुर में पकड़े गए दो बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मादीपुर इलाके में गुरुवार को छिपने के लिए ठिकाने की तलाश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। दोनों नागरिकों को निर्वासित कर दिया गया है। दोनों वर्क वीजा पर भारत आए थे और वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में चोरी छिपे रह रहे थे। पकड़े गए बांग्लादेशियों की पहचान सजल मियां और मोहम्मद अली के रूप में हुई है।



दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 'स्वराज उत्सव 2025' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विलास तावड़े (सलाहकार-ऑयल एंड गैस प्रोफेशनल, अनकंवेंशनल)।

# डीयू में स्वराज उत्सव कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम "स्वराज उत्सव 2025" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "छत्रपति शिवाजी महाराज- द मैनेजमेंट गुरु" विषय पर एक विशेष व्याख्यान भी हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विलास तावड़े (सलाहकार-ऑयल एंड गैस प्रोफेशनल, अनकंवेंशनल) ने कहा कि शिवाजी महाराज के समय में राजस्व का संग्रहण और वितरण बहुत ही सुगठित था। इस दौरान तावड़े ने शिवाजी महाराज के प्रबंधन कौशल की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। विलास तावड़े ने अपने व्याख्यान में बताया कि छत्रपति शिवाजी के काल में किसानों को बीज और खाद के रूप में कर्ज तक देने की व्यवस्था थी। उनके समय में सब्जियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था थी, ताकि वे जल्दी खराब न हों और अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके।

यही नहीं शिवाजी महाराज को 'फादर ऑफ इंडियन नेवी' भी कहा जाता है। उनके समय में शासन एवं सैन्य व्यवस्था भी बहुत सुगठित थी। उसके सैनिकों में दो तरह के सैनिक होते थे, जिनमें स्थायी व 8 महीने के लिए अस्थाई सैनिक भर्ती करने की व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही बच्चों में संस्कारों की नींव रखते हैं। शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व निर्माण में भी माता जीजाबाई की भूमिका महत्वपूर्ण थी। इस अवसर पर तावड़े ने विद्यार्थियों से शिवाजी जैसी नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के आरंभ में दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म की मानद निदेशिका प्रो. भारती गोरे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि शिवाजी केवल योद्धा ही नहीं थे, बल्कि भारत के इतिहास के सबसे कुशल प्रशासकों में से एक थे। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और रणनीतिक कौशल से मराठा साम्राज्य की नींव रखी, जो भारतीय स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक बना। इस अवसर पर डीएसजे के शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आहार प्रदर्शनी में भारतीय उत्पादों ने किया आकर्षित

**नई दिल्ली।** आहार 2025 प्रदर्शनी में प्रदर्शित उत्पादों में भारतीय कंपनियों व प्रोडक्ट्स ने सभी का ध्यान अपनी और खींचा। खासतौर पर दूध से बने उत्पाद अपनी क्वालिटी और प्रोडक्शन के चलते चर्चा का विषय रहे। प्रदर्शनी में पारस डेयरी ने अपने प्रीमियम चीज ब्रांड गलेशिया को लॉन्च किया। गलेशिया चीज पारस डेयरी के महाराष्ट्र स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में निर्मित है, जहां इसे विशेष रूप से चयनित उच्च गुणवत्ता वाले दूध से तैयार किया गया है। शुरुआत में, गलेशिया चीज मोजेरेला के रूप में उपलब्ध होगी । बाद में इसे विभिन्न प्रकारों में विस्तारित किया जाएगा, जिनमें चीज ब्लॉक, चीज डिप, चीज स्लाइस, चेडर डाइस, चीज फिलर्स और चीज ड्रेसिंग शामिल हैं। पारस डेयरी के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह ने कहा गलेशिया चीज हमारे उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसकी बेहतरीन बनावट और स्वाद इसे हर तरह के व्यंजनों के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

# सड़कों पर चलेगा सख्त चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिल्ली की सड़कों पर बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए बिना पंजीकरण वाले वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन), एमडी दिल्ली मेट्रो के साथ परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने सार्वजानिक परिवहन के साथ व्यावसायिक वाहनों की लाइव ट्रैकिंग प्रणाली की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाइव ट्रैकिंग को प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को ई-चालान प्रणाली, पुराने वाहनों को हटाने, एआइ तकनीक के उपयोग और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया।

मंत्री ने दिल्ली की सडकों पर वाहनों के अतिक्रमण रोकने के लिए सख्त अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य श्विकसित दिल्लीश् का निर्माण करना है, जिसके लिए अगले 100 दिनों के रोडमैप पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने परिवहन विभाग के एनफोर्समेंट विंग में दिल्ली में जाम की समस्या को देखते हुए वाहनों की जांच के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को सडकों पर उतारने का निर्देश दिया। बैठक में ई-चालान प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उन्होंने बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के सडकों पर चल रहे पेट्रोल, डीजल, एवं सीएनजी वाहनों पर नियमों के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे पेट्रोल पंप संच. ालकों पर भी कार्रवाई करने को कहा जो इन अनफिट वाहनों को ईंधन देते हैं। मंत्री ने कहा कि यह बात संज्ञान में आई है कि भारी वाहनों द्वारा स्लिप रोड का उपयोग किया जाता है जिनपर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित है। इस विषय पर मंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे ट्रक चाल. कों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

## कलात्मक प्रदर्शनी सम्पन्न

**नई दिल्ली।** विमला आर्ट फोरम द्वारा आयोजित पिंक आयरन III और माटी II प्रदर्शनियों का । आर्ट गैलरी में भव्य समारोह के साथ समापन हुआ, जो इस प्रतिष्ठित कलात्मक कार्यक्रम का सफल समापन था। एएएफटी विश्वविद्यालय के चांसलर संदीप मारवाह भाग लेने वाले कलाकारों की रचनात्मक प्रतिभा को सम्मानित करने और उन्हें मान्यता देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में हमारे साथ शामिल हुए। संदीप मारवाह ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत में समकालीन और लोक कला परिदृश्य को आकार देने में महिला कलाकारों के उत्कृष्ट योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में काम करेगा। विमला आर्ट्स की संस्थापक कंचन मेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदर्शनी न केवल समकाल. ीन कला पर प्रकाश डालती है बल्कि समकालीन और लोक कला दोनों क्षेत्रों में उभरते और योग्य कलाकारों के लिए एक मंच स्थापित करना चाहती है।



## मेगा रक्तदान अभियान आयोजित किया

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी पैन इंडिया मेगा रक्तदान पहल ष्लाइफ इज गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्डष् के माध्यम से समाज में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। यह अभियान न केवल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने का आह्वान है, बल्कि यह जीवन बचाने और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।

इस पहल को अपार सफलता मिली है, जिसके अंतर्गत अब तक पूरे भारत में 50 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। फरवरी 2025 में ही, 6,500 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया, जिससे 5,000 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अभियान को विशेष रूप से युवाओं से भारी समर्थन मिला है, जहां छात्रों, एनएसएस सदस्यों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।




## ठण्ड का एहसास करा रही सर्द हवाओं का बदलेगा रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच दिल्ली वाले आजकल लौटी ठंड का एहसास कर रहे हैं। सुबह व शाम ही नहीं दिन में भी पहाड़ों पर से आ रही सर्द हवाएं ठंडक महसूस करा रही हैं। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर भी साफ देखने को मिल रहा है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता भी हवाओं के कारण फिलहाल साफ चल रही है। बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री दर्ज किया गया। तेज हवा चलने से राजधानी दिल्ली के तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से तेज हवा के साथ यहां तक ठंडक पहुंच रही है। शुक्रवार से तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। दिन भर आसमान साफ रहा। धूप भी निकली, लेकिन 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के कारण उसकी तपन थोड़ी हल्की रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री कम 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 70 से 24 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को आसमान साफ रहेगा।

# एनडीएमसी संपत्ति-कर जमा काउंटर शनिवार व रविवार को खुले रहेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद (एनडीएमसी) ने मार्च 2025 के महीने में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को अपने संपत्ति कर संग्रह काउंटरों के साथ-साथ टैक्स कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है।

इसके अनुसार, एनडीएमसी ने घोषणा की है कि पालिका मुख्यालय में टैक्स विभाग संसद मार्ग स्थित पालिका केंद्र और नई दिल्ली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों - गोल मार्केट, आरके पुरम और संसद मार्ग पर तीन टैक्स कलेक्शन काउंटर संपत्ति कर जमा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अंतिम चरण के कारण मार्च 2025 में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी किसी भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को खुले रहेंगे।इस उद्देश्य के लिए, मार्च 2025 में सभी शनिवार और रविवार को टैक्स संग्रह के उद्देश्य से कार्य दिवस के रूप में घोषित किया गया है और करदाताओं को उनके देय कर भुगतान को जमा करने में सुविधा प्रदान की गई है।एनडीएमसी ने भुगतान जमा करने के लिए तीन भुगतान जमा काउंटर निर्धारित किए हैं जिनमें . गोल मार्केट में शहीद भगत सिंह प्लेस कैश काउंटर, आरके पुरम में पालिका भवन कैश काउंटर और संसद मार्ग पर पालिका केंद्र कैश काउंटर शामिल है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं नरेंद्र कुमार पिता तिलक राज पता A-76, S/F गली नंबर, 5, नियर दुर्गा मंदिर कृष्णा नगर, पुलिस स्टेशन, कृष्णा नगर, जिला ईस्ट दिल्ली, 110051, अपनी पुत्री मनप्रीत कौर पति अंशदीप सिंह पता 4640 गली पासवान चरखे वालान चांदनी चौक दिल्ली,110006, को आज दिनांक, 6/3/25 को कहने मे ना चलने के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है व सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इनसे कोई भी रिश्ता नहीं है अगर भविष्य में किसी से कोई भी लेनदेन करते हैं या इनका कोई भी झगड़ा होता है तो उसके जिम्मेदार स्वयं ये खुद होंगे ना कि मैं या मेरा परिवार होगा।

## रेविया यूटीटीओ ऑयल लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** टीएसएफ समूह की ब्रेक्स इंडिया कंपनी ने आज ट्रैक्टर ऑयल बाजार में कदम रखते हुए रेविया यूटीटीओ (यूनिवर्सल ट्रैक्टर ट्रांसमिशन ऑयल) को लॉन्च करने की घोषणा की। रेविया यूटीटीओ एक उच्च- प्रदर्शन वाला यूनिवर्सल लुब्रिकेंट है, जिसे आधुनिक ट्रैक्टरों के ट्रांसमिशन सिस्टम, वेट ब्रेक, हाइड्रोलिक्स और फाइनल ड्राइव में उपयोग के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। ब्रेक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और आफ्टरमार्केट बिजनेस यूनिट के प्रमुख सुजीत नायक ने कहा, ष्वेट ब्रेक सिस्टम के एक प्रमुख ओईएम निर्माता के रूप में, ब्रेक्स इंडिया ट्रैक्टर ऑयल सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। रेविया यूटीटीओ की शुरुआत के साथ हम उच्च गुणवत्ता वाले, टिकाऊ उत्पाद प्रदान करने के अपने ब्रांड वादे को मजबूत कर रहे हैं।

# रमजान में आसमान छू रहे सेब-केले के दाम

**■ इस समय मंडी में माल कम आ रहा है, जिससे कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रमजान के महीने में फल और सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इफ्तार और सहरी के लिए जरूरी फल- सब्जियां अब लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

बाजारों में सेब, केले, खजूर, तरबूज से लेकर अंगूर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हर साल रमजान में फलों और सब्जियों की मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार महंगाई ने आम जनता की जेब पर भारी असर डाला है। दरियागंज, सीलमपुर, शास्त्रीपार्क, ओखला, इंद्रपुरी, राजेंद्र नगर, मोती नगर, करोल बाग, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, शादीपुर, उत्तम नगर और द्वारका की मार्केट में सेब 200 रुपए किलो, केले 100 रुपये दर्जन, अमरूद 150 रुपये किलो, अंगूर 150 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। ग्राहक परेशान हैं कि रोजा रखने के लिए जरूरी सामान खरीदना भी अब भारी पड़ा है। दिल्ली के कई बाजारों में फलों और सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसकी वजह से आम लोगों की जेब पर काफी असर पड़ा है। ऐसे में ओखला निवासी शहजाद ने बताया कि पहले जो फल किलो में खरीदे जाते थे, अब वही 250-500 ग्राम में लेने पड़ रहा हैं। वहीं, छोटे दुकानदारों को भी इस महंगाई का असर झेलना पड़ा है। शास्त्रीपार्क के दुकानदार नदीम ने बताया कि थोक में ही सब्जियां महंगी मिल रही हैं, जिससे ग्राहक भी कम हो गए हैं।

दिल्ली की आजादपुर, केशोपुर, नजफगढ़, गाजीपुर मंडी में फल व सब्जियों की आवक कम होने से उनके दामों में उछाल आया हैं। ऐसे में आजादपुर मंडी के थोक विक्रेता शहाबुद्दीन ने बताया कि हाल ही में फल की आपूर्ति में कमी आई है, जिससे दाम बढ़ गए हैं। रमजान के दौरान फलों की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि रोजेदार इफ्तार में अधिक फल खाते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय मंडी में माल कम आ रहा है, जिससे कीमतों में और उछाल देखने को मिला है। आमतौर पर, इस सीजन में मांग बढ़ने और आपूर्ति कम होने से दाम ऊपर चले जाते हैं। अगर सप्लाई सामान्य होती तो दाम स्थिर रहते, लेकिन अभी खरीदारों को महंगे दामों पर खरीदारी करनी पड़ी है।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## लोगों तक पहुंचाया गया संगम का निर्मल जल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

साहिबाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्देश के अनुसार महाकुंभ प्रयागराज समाप्ति के दौरान अग्निशमन वाहनों द्वारा हर क्षेत्र में संगम का निर्मल जल पहुंचाया जा रहा है इसी कड़ी में कौशांबी थाने के बाहर अग्निशमन वाहन द्वारा क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों को जल बांटा गया। इस अवसर पर फायर के अधिकारी मूलचंद श्यामवीर भदोरिया वीर सिंह चौहान राजेंद्र गोयल बीपी बीपी गुप्ता टी के भौमिक अभिनव खंडेलवाल नरेंद्र उपस्थित रहे। लगभग 300 से ज्यादा लोगों ने इस पवित्र जल को वहां से लिया।

### ट्रांसपोर्टर की किडनैपिंग और धोखाधड़ी के आरोप में

# 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

■ **जगदीप का शव चार दिन बाद बुलंदशहर की गंग नहर से बरामद हुआ है, इस मामले में दीपू सिंह मनीष और रवि को आरोपी बनाया गया था**

**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साल से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान दीपू सिंह के रुप में हुई है। दीपू सिंह पर एक ट्रांसपोर्टर की किडनैपिंग और धोखाधड़ी का आरोप है। मामले में पुलिस ने जानकारी देते हुए कि 16 मार्च 2024 को थाना शालीमार गार्डन में ट्रांसपोर्टर जगदीप कैतुरा की किडनैपिंग का मामला दर्ज हुआ था। जगदीप का शव चार दिन बाद बुलंदशहर की गंग नहर से बरामद हुआ है। इस मामले में दीपू सिंह, मनीष और रवि को आरोपी बनाया गया था।

यहीं नहीं 15 फरवरी 2025 को जगदीप की पत्नी ने एक और मुकदमा दर्ज करवाया। जिसमें उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि दीपू सिंह और अन्य आरोपियों ने उनसे 50 लाख की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने दीपू की गिरफ्तारी पर 15 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस की पूछताछ में दीपू ने बताया कि वह पांचवीं तक पढ़ा है। 2017 में उसने सोनीपत में आदर्श ट्रांसपोर्ट के नाम से कंपनी खोली। 2021 में जगदीप से मुलाकात हुई, जिनकी ऑल आउट नाम से ट्रांसपोर्ट कंपनी थी।

इतना ही नहीं 2022 में दोनों ने मिलकर 10 कैंटर लोन पर लिए। 2024 में वित्तीय कारणों से उनकी पार्टनरशिप टूट गई और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। मामले में जांच में जुटी क्राइम ब्रांच टीम ने बुधवार को दीपू सिंह को थाना शालीमार गार्डन के ताहीरपुर कट से गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## त्रिवेणी से लाए गए पवित्र जल का थानों में वितरण

**गाजियाबाद।** महाकुंभ मेले का समापन हो गया है। लेकिन त्रिवेणी संगम से लाए जा रहे पवित्र जल का वितरण अभी-भी जारी है। दरअसल, आज गुरुवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर के सभी थानों में जल वितरण करने पहुंची। पवित्र जल को लेकर थानों में विशेष उत्साह है, क्योंकि यह जल धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। पुलिस प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने इस जल वितरण की व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी की है, ताकि इसे आसानी से पहुंचाया जा सके। जानकारी देते हुए लोनी के एसडीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि यह योजना उन लोगों के लिए है, जो महाकुंभ में स्नान नहीं कर पाए। उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल है कि कोई भी श्रद्धालु इस पवित्र जल से वंचित न रहे।

## अजित को पीएचडी की डिग्री मिलने पर क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर के रहने वाले पेशे से शिक्षक अजित सिंह को पीएचडी की डिग्री हासिल करने पर उनके परिजनों व क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया व उन्हें बधाई दी। मोदीनगर के राज चौपला के पास रहने वाले अजित सिंह मैनेजमेंट के शिक्षक है व एमबीए के छात्रों को पढ़ाते हैं उनके पिता महावीर सिंह यूपी पुलिस के रिटायर्ड सबइंस्पेक्टर व माता गोमती देवी गृहणी है।

अजित को पीएचडी की डिग्री एपिक मैनेजमेंट विषय पर उनकी शोध के लिए हिमाचल प्रदेश की अरनी यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान की गई है उन्होंने 2021 में पीएचडी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था व लगभग 3 वर्ष में ही उन्हें यह उपलब्धि हासिल हो गयी है, अजित ने यह भी बताया



कि एपिक मैनेजमेंट विषय पर उनकी बुक भी प्रकाशित हो चुकी है व अन्य बुक भी शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली है वर्तमान में अजित गाजियाबाद के एक कॉलेज में शिक्षक है। अजित की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, आसपड़ोस के लोगो व क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी।

### एक नजर

## अज्ञात व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डासना से भाजपा के नामित पार्षद संजय चौधरी को बीते 02 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया जिसने अपना नाम मनीष बताया तथा अपने आप को सुनील भराला का प्रतिनिधि बताते हुए भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि मैं एसएसपी मेरठ से कहकर तुझे उठवाता हूँ। उसी दिन शाम लगभग 4:05 बजे पीड़ित के फोन पर एक और अज्ञात व्यक्ति का 9068922809 नम्बर से फोन आया और उसने अपना नाम विवेक बताया और उसने धमकी भरे लहजे में अपने आप को एसएसपी मेरठ का पी.आर.ओ. बताया और प्रार्थी को मेरठ आने के लिए कहने लगा, फोनकर्ता के व्यवहार से पार्षद को शक हुआ तो उसने मेरठ एसएसपी कार्यालय पर फोन करके जानकारी ली तो पता चला कि उक्त कॉल किसी फेक व्यक्ति ने किया था और प्रार्थी ने इस से पहले वाली कॉल के बारे में जानकारी की तो उक्त मनीष भी फेक व्यक्ति निकला जिसको लेकर पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## थूक लगाकर रोटी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### बारातियों ने पुलिस को भेजा था वीडियो

**गाजियाबाद।** जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को थूक लगाकर रोटी बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर थूक लगाकर रोटी बनाते वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने रात में ही उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश करनी शुरु कर दी। जिसके बाद सुबह तड़के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 23 फरवरी को आयोजित विवाह समारोह में एक तंदूर कारीगर थूक लगाकर रोटियां बना रहा था। जिसका वीडियो क्लिप वायरय हो गया। आरोपी का नाम कारीगर फरमान है। समारोह में मौजूद कुछ अतिथियों ने चुपचाप इस घटना का वीडियो बना लिया। करीब दस दिन बाद जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, तो लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस का कहना है कि यह घटना एक शादी समारोह का है जिसमें आरोपी तंदूर में रोटी बनाने का काम कर रहा था। जिस शादी में आरोपी रोटी बना रहा है उसी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फरमान को गिरफ्तार किया है। मामले में एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें एक शादी समारोह में कैटर्स की तरफ से जो रोटी बनाने वाला व्यक्ति है वह रोटी में थूक लगा कर तंदूर में रोटी बनाता दिखाई दे रहा है। वीडियो की गहनता से जांच की गई तो यह पाया गया कि 23 फरवरी 2025 को ग्राम सैदपुर थाना भोजपुर निवासी एक लड़की की शादी थी। इसी समारोह में एक कैटर्स की तरफ से जो रोटी बनाने वाला व्यक्ति है फरमान पुत्र इस्लाम जो सैदपुर का ही रहने वाला है उसके द्वारा ऐसा किया जा रहा है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना भोजपुर में मंगलवार शाम को ही बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज किया गया। जिसके बाद आज सुबह तड़के भोजपुर थाना पुलिस ने आरोपी फरमान पुत्र इस्लाम को अरेस्ट कर लिया है।

## गाजियाबाद की खिलाड़ी ने एथेंस में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** गत सप्ताह एथेंस के ग्रीस में आयोजित पांचवी एक्रोपोलिस वुशु ओपन टूर्नामेंट में गाजियाबाद के खिलाड़ी ने भाग लिया और प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता यह प्रतियोगिता कई किलोग्राम भार वर्ग में आयोजित की गई थी जिसमें गाजियाबाद की हुमा खान ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और अपने प्रतिभा से सभी खिलाड़ियों को पराजित करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। हुमा खान ने जहां अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का लोहा मनवाया वही अपने परिवार एवं देश का नाम एथेंस में रोशन किया उनकी इस कामयाबी से जहां उनके परिवार में हर्ष का माहौल है वही सामाजिक लोग भी उनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# निवोक अस्पताल का उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निवोक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कपिल देव अग्रवाल जी व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री उनके साथ रहे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल के खुलने से क्षेत्र को बहुत ही लाभ मिलेगा उन्होंने कहा कि अस्पताल में सारी सुविधाएं मरीज को मिलेंगी।



मरीज को पहले मोदीनगर से मेरठ या गाजियाबाद, दिल्ली के लिए रेफर किया जाता था लेकिन क्षेत्र के अस्पतालों में पर्याप्त मशीन साधन नहीं हो पाने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ जाता था लेकिन अब मरीज को कहीं भी रेफर करने की आवश्यकता नहीं होगी। निवोक अस्पताल में मरीज को तमाम सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि अस्पताल में वह तमाम सुविधाएं होंगी जिसके लिए मरीज को मेरठ दिल्ली भटकना पड़ता था वह अब सारी सुविधा निवोक अस्पताल में मिलेंगी। अस्पताल में टेक्नोलॉजी द्वारा पाइप के जरिए मरीज के बेड पर ही दवा उपलब्ध होगी। इस मौके पर निवोक अस्पताल के चेयरमैन अमित शर्मा, डायरेक्टर अतुल वर्मा, वाइस चेयरमैन सचिन अहलावत, विधायक डॉ मंजू शिवाच, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, चेयरमैन पतला देवेंद्र चौधरी, नीरज त्यजी जिलाध्यक्ष (किमो), डॉ पवन सिंघल, पंडित सुदेश शर्मा, रामआसरे शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, गन्ना समिति अध्यक्ष राजन चौधरी, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, गौरव चिकारा, नीरज बत्रा, नूतन खाटियान, अविनाश त्यागी उर्फ मोंटू, संदीप शर्मा, संजय शर्मा सुमित शर्मा, रविन्द्र, प्रदीप शर्मा, नीरज त्यागी भाजपा, अजय ग्रोवर, संजय नय्यर, रवि, जितेंद्र गुर्जर, डॉक्टर गौरव भाटिया, बबलू बारी व मीडिया प्रभारी योगेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## खेलते समय पैर फिसलने से नाले में गिरकर मौत

**गाजियाबाद।** महामाया स्टेडियम के पास बुधवार रात एक 7 साल के बच्चे का शव 9 फीट गहरे नाले से बरामद हुआ। बच्चा देर शाम वहां खेल रहा था, और इस दौरान वह नाले में गिर गया। बच्चे के लापता होने के बाद उसके परिजनों ने तुरंत पुलिस और नगर निगम को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से नाले में बच्चे की तलाश शुरू की। जेसीबी की मदद से गहरे नाले की खुदाई की गई। जिसके बाद बच्चे का शव नाले से बरामद हुआ। दरअसल, कोतवाली के इस्लाम नगर निवासी मोहम्मद नौशाद अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। नौशाद का बेटा मोहम्मद असद बुधवार देर शाम करीब 8 बजे अपने दोस्तों के साथ यहां खेल रहा था।

# विजया स्वप्न फाउंडेशन निभा रहा है सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन विभिन्न सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है, इसी श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह कार्यों में हाथ बँटाना। फाउंडेशन द्वारा इन कन्याओं को नकद धनराशि व विवाह के अन्य उपयोगी सामान के साथ सिलाई मशीन देकर आत्मनिर्भर बनाने प्रयास किया जा रहा है।

फाउंडेशन की संस्थापिका ममता शर्मा व संरक्षिका सविता गुप्ता ने कहा कि संस्था का यह कार्य मदद नही बल्कि उनकी ओर से ये कन्याओं के सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे अन्य सामाजिक कार्यों के निर्वहन में और भी तीव्रता लाएगा।

## अस्पताल का पंजीकरण कराने गए डॉक्टर की सीएमओ कार्यालय में मौत

**गाजियाबाद।** अस्पताल का नया पंजीकरण कराने गए डॉ. अमरेश चंद्रा (68 वर्ष) की सीएमओ कार्यालय में हृदयाघात से मौत हो गई। वह मिथिलेश नर्सिंग होम के संचालक थे और बुधवार दोपहर 3:30 बजे सीएमओ कार्यालय पहुंचे थे। खबरों की मानें तो डॉ. अमरेश जब कार्यालय के प्रथम तल पर डॉ. अनुराग संजोग के कमरे के सामने पहुंचे, तो अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ और वह गिर पड़े। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत सूचना दी, जिसके बाद जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता उन्हें एंबुलेंस से संयुक्त जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर ने सभी को सकते में डाल दिया हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि डॉ. अमरेश चंद्रा का पहले सुदर्शन अस्पताल के नाम से जीटी रोड पर पंजीकृत अस्पताल था, जो पार्टनरशिप में संचालित था। अब उन्होंने फर्म परिवर्तन कर आयुषवर्धक मिथिलेश हॉस्पिटल, भाटिया मोड़ के नाम से नया पंजीकरण कराने के लिए 1 मार्च को ऑनलाइन आवेदन किया था। बुधवार को वह इसी प्रक्रिया की जानकारी लेने सीएमओ कार्यालय पहुंचे थे। भूतल से प्रथम तल पर जाने के दौरान उन्हें बेहोशी महसूस हुई और वह गिर पड़े। सीएमओ कार्यालय में अचानक हुई इस घटना से पूरे परिसर में हड़कंप मच गया।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर की गई नवनियुक्त पदाधिकारीयों की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट द्वारा शुभम त्यागी निवासी मुरादनगर को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया। जिस पर शुभम त्यागी ने जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर वीरेंद्र यादव एडवोकेट आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव ताहिर हुसैन महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा रिजवान चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आईटीएस में यूजी फेस्ट टेक्नोवेशन एंड बिज फिएस्टा का आयोजन

**गाजियाबाद।** आईटीएस (यूजी कैंपस) मोहननगर में दो दिवसीय टेक्निकल एवं मैनेजमेंट -यूजी फेस्ट 'टेक्नोवेशन एंड बिज फिएस्टा-2025' का आज शुभारम्भ किया गया। इस टेक्निकल एवं मैनेजमेंट-फेस्ट का उद्देश्य आईटीएस स्नातक परिसर के बीसीए तथा बीबीए के छात्रों को एक सार्थक मच उपलब्ध कराना है जहां वे अपनी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, सैद्धान्तिक ज्ञान तथा अनुप्रयोगों के प्रदर्शन के साथ-साथ आपस में मिलकर एक दूसरे की गतिविधियाँ को जाने तथा आपसी समझ विकसित कर सके। समारोह का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ आर पी चढ्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्ढा, आईटीएस के निदेशक (पीआर) सुरेंदर सूद, आईटीएस मोहन नगर (यूजी कैंपस) के निदेशक, डॉ सुनील कुमार पांडेय एवं आईटीएस (यूजी कैंपस) की वाइस प्रिंसिपल डॉ नैन्सी शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ।

इस समारोह में आईटीएस स्नातक परिसर के बीसीए एवं बीबीए के लगभग 2500 छात्रों ने भाग लिया। आईटीएस समूह के वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्ढा ने अपने सन्देश में छात्रों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लेने पर संतोष व्यक्त किया। उनहोंने सभी प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीएस समूह इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छात्रों में आपसी समझ तथा एक स्वस्थ प्रतियोगितापरक वातावरण में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुअवसर प्रदान करता है।

आईटीएस (यूजी कैंपस) के निदेशक डॉ सुनील कमार पाण्डेय ने सभी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस काल खंड में नवीन तकनीकों एवं व्यवसाय जगत में उनके अनुप्रयोगों कि महत्ता बढ़ रही है इनोवेशन एवं क्रियाशीलता के लिए बहुत अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। तथा कहा कि आज जिस प्रकार के शोध एवं विकास चल रहे हैं उससे प्रतीत होता है कि तकनीक को समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जोड़ दिया जायेगा और जो निश्चित रूप से निकट भविष्य में कियान्वयित होगा।

उन्होंने कहा कि इन नवीन धाराओं को समझने एवं उन एर केन्द्रित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। स्नातक परिसर की वाईस प्रिंसिपल डॉ नैंसी शर्मा ने सूचना, संचार एवं प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्रों को प्रतियोगिता में उत्कृठ प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई।

# बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख पहल 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ODOP)/ MDA योजनाओं के तहत प्रदेश के उद्यमियों और कारीगरों को बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। यह एक्सपो देश और विदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों और खरीदारों के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करेगा। 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों अथवा प्रतिनिधि मंडलों द्वारा एक्सपो में भाग लेने के पुष्टि अभी तक हो चुकी है।


अतः 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ODOP) के लिए एक ही स्थान पर इतने देशों तक अपने उत्पादों की पहचान कराने का यह उत्तम अवसर है। बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का आयोजन भारत मंडपम, प्रगति मैदान न्यू दिल्ली में 19 से 21 मार्च 2025 को किया जाएगा, जिसमें भारत सहित अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, व्यापार प्रतिनिधियों और निवेशकों की भागीदारी रहेगी। इस एक्सपो में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से ODOP / एक्सपोर्टेबल उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिससे उद्यमियों को अपने उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा।

राज्य सरकार ODOP / MDA योजना के अंतर्गत पंजीकृत उद्यमियों को इस एक्सपो में भाग लेने के लिए विशेष सहयोग और सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके तहत चयनित प्रतिभागियों को स्टॉल, समान भाड़ा तथा आने जाने के किराये का ODOP योजना के अंतर्गत 75%/ तक रीइम्बर्स किया जाएगा। सभी इच्छुक उद्यमियों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस हर साल 6 मार्च को उन चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये मनाया जाता है जो आपके दांतों को स्वस्थ रखने में आपकी मदद करते है। साथ ही यह दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाने का एक तरीका भी है ताकि लोग अपने दांतों की देखभाल करने के तरीके के बारे में अधिक जान सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संस्थान द्वारा बेहतर मौखिक स्वास्थ्य के लिए दंत चिकित्सक के महत्व के बारे में रोगियों को साथ ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और वार्षिक चेक-अप करने की सरल क्रिया जीवन भर स्वस्थ मुस्कान में योगदान कर सकती है के बारे में बताया गया।



इस अवसर पर संस्थान द्वारा राधे श्याम कॉलोनी, मुरादनगर, गोद लिए गांव सुल्तानपुर एवं डेंटल ओपीडी में आने वाले रोगियों को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस और मौखिक स्वच्छता रखरखाव के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सभी रोगियों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न मौखिक स्वच्छता पर चर्चा की गई। इसके साथ ही गोद लिए गांव सुल्तानपुर के स्कूल के विद्यार्थियों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया तथा दांत साफ करने की सही तकनीक से भी ज्ञात कराया गया। जिसके लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए क्रेयॉन भी बाटें गये। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को उपहार से सम्मानित किया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मोदीनगर ( गाजियाबाद )।**

**पत्रांकः- 1900/न0पा0परि0मो०/ई-टेण्डर/2024** **दिनांक: 06 मार्च, 2025**

**-:अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना:-**

नगर पालिका परिषद मोदीनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा अनुभवी फर्मों / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 15.03.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका पषिद मोदीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका पषिद मोदीनगर**

# कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पुलिस ने पीड़ितों से छीनी पेट्रोल की बोतल, जिलाधिकारी ने सुनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लड़की के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर लड़की के परि. जनों के हमलारोपियों के विरूद्ध कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने कार्रवाई की मांग को लेकर कलक्ट्रेट के सामने हाइवे पर धरना दिया। इस दौरान आत्मदाह करने के लिए पीड़ित पेट्रोल की बोतल भी अपने साथ लेकर आए थे। पीड़ित परिवार आत्मदाह का प्रयास करते इससे पहले ही पुलिस ने उनसे पेट्रोल की बोतल पीड़ित परिवार से छीन ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने पीडितों की समस्या सुनी और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने का आश्वारसन दिया।

बडौत के एक परिवार का आरोप है कि उनकी पुत्री के साथ उनके परिवार के ही एक युवक ने छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरो. पियों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया था, जिससे लड़की, लडकी का पिता व मां घायल हो गए थे। पीड़ितों ने आरोपियों के विरूद्ध बडौत कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की। आरोप है कि एसपी कार्यालय में शिकायत करने पर भी पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की। पीड़ितों का आरोप है कि वह लगातार एसपी कार्यालय व थाने के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। गुरूवार को आरो. पियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने कलक्ट्रेट के सामने हाईवे पर धरना दिया। इस दौरान आत्मदाह करने के लिए पीड़ित पेट्रोल की बोतल भी अपने साथ लेकर आए थे लेकिन आत्मदाह का प्रयास करने से पहले ही पुलिस ने उनसे बोतल छीन ली। इसके बाद जिलाधिकारी अस्मितालाल ने पीड़ित परिवार की समस्या सुनी और उन्हें आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने का आश्वा. सन दिया।



# पिलर से बाइक टकराने पर बीएसएफ के जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधावार की देर रात मेरठ-बागपत हाईवे पर ग्रीन एक्सप्रेसवे कारीडोर के पिलर से बाइक टकरा जाने से एक बीएसएफ के जवान की मौत हो गई। सूमना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिल जाने के बाद परिवार में शोक की लहर दौड गई।

थाना चांदीनगर क्षेत्र के गांव सांकलपुट्ठी निवासी सुनील पुत्र सत्यपाल बीएसएफ का जवान है। वर्तमान में उसकी नियुक्ति पश्चिमी बंगाल में है। वह गत 1 मार्च को छुट्टी लेकर घर आया था। बताया गया है कि गत बुधवार को वह अपने चचेरे भाई के सगाई समारोह में शामिल होने के बाद बागपत से बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था। बताया गया है कि मेरठ-बागपत हाईवक पर ग्रीन एक्सप्रेस कारीडोर के निकट अनियंत्रित होर उसकी बाइक कारीडोर के सीमेंट के पिलर से टकरा गई जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरनेके बाद पोस्टमार्टम के किलए भेज दिया है।



मृतक सुनील का फाइल फोटो

# दुष्कर्म के आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बडौत क्षेत्र के एक गांव में पडौसी युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। शौर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और इस संबंध में शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धामकी दी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के विरूद्ध बोहला पुलिस चौकी पर शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही है।

किशोरी के पिता के अनुसार वह काम पर गए हुए थे। घर पर उनकी नाबालिग पुत्री अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान पडौसी युवक ने घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी के शौर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और इस संबंध में कही शिकायत करने पर पीड़िता को जान से मारने की धामकी दी। इस संबंध में पीडिता पीडिता के पिता ने बोहला पुलिस चौकी पर शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में एसपी कार्यलय में एक शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

[redacted]

# आशीष आत्महत्या के मामले में समझौता का दबाव व धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बसौद के आशीष आत्महत्या के मामले में समझौता का दबाव बनाते हुए धमकी देने का आरोप। पीड़ित परिजनों ने आरो. पितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से गुहार लगाई।

गुरुवार को करीब साढे 11 बजे बसौद गांव के मनीष कुमार के मुता. बिक उनकी मां शकुंतला देवी के नाम सरकारी सस्ता गल्ले की दुकान है। दुकान भाई आशीष देखता है। गत 21 फरवरी की रात भाई आशीष ने घर में पंखे पर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। 22 फरवरी की शाम घर के मंदिर में सुसाइड नोट मिला था। इसमें आशीष ने अपनी मौत के जिम्मेदार पांच व्यक्ति इस्लामू, तारे, सरफराज, महबूब और कुलदीप निवासी मेवला को दर्शाया है। सुसाइड नोट के आधार पर थाना सिंघावली अहीर में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आशीष आत्महत्या के मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने परिवार के 30 सदस्यों ने गांव से भी पलायन किया। आरोप है कि आरो. पित पक्ष लगातार केस में समझौता का दबाव बना रहे है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने परिवार के साथ एसपी दफ्तर बागपत पहुंचकर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को एसपी से गुहार लगाई।



एक नजर

## साप्ताहिक बंदी का डीएम ने किया आदेश जारी

**बागपत।** जनपद में साप्ताहिक बंदी का दिन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया जिसके अनुसार बागपत नगर पालि. का क्षेत्र में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार, अग्रवाल मंडी ततेरी व अमीनगर सराय नगर पंचायत में साप्ताहिक बंदी का दिन मंगलवार, बड़ौत व खेकड़ा नगर पालिका परिषद में साप्ताहिक बंदी का दिन बुधवार तथा नगर पंचायत छपरौली में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी सेवायोजको को निर्देशित किया कि साप्ताहिक बंदी के दिन सभी सेवायोजक अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। कहा कि यदि कोई भी सेवा योजक अधिष्ठानों अधिनियम 1962 के तो अवधारणा का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरोध नियम अनुसार करवाई वाई की जाएगी।

## ईओ से शिकायत कर की पुलिया ठीक कराने की मांग

**बागपत।** नगर में मैन रोड़ की पुलिया ठीक कराने को लेकर लोगों ने नगरपालिका ईओ से शिकायत कर समस्या का जल्द समाधान किए जाने की मांग की है। गुरुवार को मौहल्ला देशराज निवासी तस्लीम युवा सदर ने ईओ से शिकायत करते हुए बताया कि घनश्याम दास मार्ग पर सुधीर फैक्ट्री के पास पुलिया टूटी पड़ी है जिस कारण यहां कई बाइक सवार घायल हो चूके है। बताया गया कि पुलिया को टूटे हुए काफी दिन हो चूका है लेकिन पुलिया को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। इस दौरान लोगो ने ईओ से पुलिया को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**बडौत।** जनता वेदिक कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डा.मदनपाल सिंह, वार्ड नंबर 23 के सदस्य रमेश शर्मा, दयानंद बाल विद्या मंदिर के अध्यक्ष डा.ओमवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार आर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा.दीपी सिंह तोमर, रसायन विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा.उमेंद्र कुमार, सांख्यिकी विभाग के डा. राजीव बालियान , राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और NS सस्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रृष्टि, मेघा, प्रेरणा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ की गई और अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। शिविर के सात दिनों में NS स्वयंसेविकाओं ने विविध सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जिसमें सात दिन की गतिविधियों पर सिमरन द्वारा रिपोर्ट बताई गई। इसमें गीत, नृत्य सोलो और डुएट, नुक्कड़ नाटक एसीड अटैक, कंजूस पंडित, शिक्षा, मां और पर्यावरण पर कविता एवं सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किए गए। इसके बाद स्वयंसे. विकाओं ने भारत के विभिन्न राज्यों के परिधान में रैंप वॉक के माध्यम से भारत की विविधता का प्रदर्शन किया।

# शिक्षा विभाग को 60 करोड़ रुपए की राशि करनी पड़ी स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उ.प्र.मा.शि.संघ के संरक्षक मण्डल के प्रदेशीय सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संगठन की कडाई रंग लाई तथा एक अरब तीन करोड़ की राशि में से मात्र 8 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बैक पुट पर आते हुए 60 करोड़ रुपए की राशि जनपद बागपत के लिए स्वीकृत करनी पड़ी।

बताते चलें कि जब जनपद बागपत मेरठ जनपद से अलग हुआ तभी से जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की जीपीएफ की एक अरब तीन करोड़ पांच लाख छियानवे हज़ार तीन सौ तीन रुपये की राशि मेरठ जनपद के कोषागार में ही पड़ी थी जिसे जनपद बागपत में स्थानांतरित नही किया गया था जिसके कारण जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को जीपीएफ से राशि प्राप्त करने के लाले पड़ गए थे न तो सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर उनका जीपीएफ का भुगतान हो पा रहा था और न ही किसी को शादी विवाह अथवा बीमारी आदि में जीपीएफ से ऋण ही मिल पा रहा था। उ.मा.शि.संघ जनपद बागपत ईकाई के निरंतर कठोर संघर्ष के फलस्वरूप इस राशि को मेरठ से स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई प्रारंभ हो पाई। इस पर भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मात्र 8 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर जनपद बागपत के शिक्षकों को पुन: भटकाने का प्रयास किया। किन्तु संगठन के कड़े रुख के कारण 8 करोड़ रुपए का निर्णय 60 करोड़ रुपए में बदलने को विवश होना पड़ा, जिससे जनपद बागपत के शिक्षकों को 60 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो पाई। दुहूण ने बताया कि शेष 43 करोड़ रुपए की राशि के लिए संघर्ष जारी है। उसे भी यथा शीघ्र प्राप्त कर सदैव के लिए जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं और कर्मचारियों की जीपीएफ की समस्या का निवारण करा दिया जावेगा।



# सपा ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के दिए चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल बड़ौत पंहुचा। जहाँ उन्होंने हादसे मे अपनी जान गवाने वाले मृतको के परिजनों को दो-दो लाख रूपये के चेक सोपे। प्रतिनिधि मंडल मे मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक, सरधना विधायक अतुल प्रधान, सपा राष्ट्रीय सचिव अर्पणा जैन, जिलाध्यक्ष रविंद्र देव, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, पूर्व राज्यमंत्री तराबुद्दीन, वरिष्ठ नेता संदीप भारद्वाज,बडोत नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ निटु, मनोज चौधरी, शालिनी राकेश, ललित जैन, नवीन जैन आदि मौजूद थे।

दरअसल आपको बता दे कि बीती 28 जनवरी को बड़ौत के मानस्तम्भ परिसर मे लड्डू महोत्सव के दौरान लकड़ी का मचान गिरने से 9 लोगो की मौत हो गई थी जबकि 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका उपचार आज भी अलग अलग अस्पतालो मे चल रहा है। घटना के बाद जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला था। जिसके बाद अखिलेश यादव ने एक प्रतिनिधि मंडल घटना स्थल पर पहुंचा था और एक रिपोर्ट तैयार कर सपा सुप्रीमो को सोपी थी। रिपोर्ट के बाद अखिलेश यादव ने मृतको के परिजनों को दो-दो लाख रूपये की घोषणा की थी। आज प्रतिनिधि मंडल ने बड़ौत पहुंचकर मृतको के परिजनों को दो दो लाख रूपये के चेक सौपे।



# सगे भाई से लाखों रुपये की सुपारी लेकर की गई थी साजिद की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसील के थाना रमाला गांव के रहने वाले साजिद की उसके बड़े भाई कासिम ने अपने दोस्तों को लाखों रुपये की सुपारी देकर हत्या करा दी। बाद में साजिद के शव को अपने दोस्त के खेत में कुएं में फेंक दिया तथा मिट्टी से दबवाते रहे। बेटे के गायब होने की सूचना पर थाना पुलिस ने एक युवक से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर बुधवार देर शाम शव को कुए से बरामद कर लिया।

बता दें कि, साजिद ईंट भट्टों पर चिमनी बनाने का मिस्त्री था, जो18 फरवरी को घर से गया था, काफी तलाशी के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला था। बाद में उसकी माँ सबीला ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दो दिन पहले थाने में दर्ज कराई थी तथा बेटे की हत्या होने की आशंका भी जताई थी। पुलिस ने साजिद के लापता होने से पहले उसके साथ देखे गए शुभम् निवासी रोहटा जिला मेरठ से पूछताछ की, तो उसने साजिद की हत्या की सच्चाई बयां करते हुए बताया कि, साजिद को रमाला निवासी विकुल के साथ उसके खेत में नलकूप पर ले जाकर पहले शराब पिलाई और फिर कमर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद विकुल के नलकूप पर स्थित कुएं में उसका शव फेंककर मिट्टी डालकर दबा दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने कुए में खोदाई कराई तथा साजिद का शव बरामद किया। पूछताछ में शुभम ने यह भी बताया कि, उसकी रमाला में रिश्तेदारी है और उसकी विकुल व कासिम से दोस्ती है। साजिद की हत्या के लिए कासिम ने उनसे 6 लाख रुपये सुपारी के तय किए थे। इसबीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि, विकुल व कासिम की तलाश में पुलिस लगी हुई है, उनको भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**प्लाट बना हत्या का कारण, कुएं को 15 फुट मिट्टी से भर दिया,** बताया गया कि, याची सबीला के तीन बेटे हैं, जिनमें सबसे बड़ा कासिम मास्टर, साजिद दूसरे नंबर और साबिद तीसरे नंबर का है।इनमें सबसे छोटे बेटे साबिद के नाम शामली में एक प्लॉट है, जिसे कासिम अपने नाम कराना चाहता था,जबकि साबिद उस प्लॉट को साजिद के नाम करने की बात कहता था। इसका कासिम विरोध करता रहता था। इस बात को लेकर कासिम ने साजिद को मरवाने की धमकी भी दी थी। विकुल ने अपने रिश्तेदार शुभम निवासी रोहटा के साथ मिलकर हत्या का षड्यंत्र रचा। बताया कि,हत्या के बाद शव को कुएं में डालने के बाद रोजाना उसमें मिट्टी डालते हुए करीब 15 फुट तक भर दिया गया था। बताया कि, हत्या के बाद उसका शव कुएं में फेंकने के बाद पहले गन्ने की पत्ती डाली गई और फिर रोजाना मिट्टी डाली जाती रही। यह काम हत्यारोपी विकुल और उसके साथी रोजाना करते थे ,अभी तक कुएं को 15 फुट भर दिया गया था। शव बरामदगी कू दौरान 15 फुट से गहरी खोदाई करनी पड़ी।




# युवा शक्ति के सफाई अभियान ने जनांदोलन का लिया रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा एक वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भी सफाई अभियान जारी रहा। इस अभियान के लिए युवाओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया और गांव में लगे गंदगी के अंबार को खत्म करने के लिए काम किया।

युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें सफाई के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और हमें अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस सफाई अभियान में युवक मंगल दल के सचिव चौधरी ताहिर अब्बास ने बताया कि यह सफाई अभियान धीरे-धीरे एक जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, और हमें उम्मीद है कि इस सफाई अभियान से हम अपने इस उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे। इस सफाई अभियान में इजहार चौधरी, साकिब राजपूत, गुलफाम राणा, राशिद खान, शावेज़ पहलवान, सुल्तान खान, दिलावर, हाशिम, इकरार इत्यादि युवा मौजूद रहे। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने युवाओं को सफाई अभियान के लिए दुआओं से नवाजा।



# सर्द हवाओं ने कराया ठंड का अहसास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में तेज पछुआ ने रफ्तार से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार की देर शाम से तेज हवाएं चल रही हैं। गुरूवार को भी सुबह से 27 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रही। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है। दोपहर के समय तेज धूप तो निकली, लेकिन सर्द हवाओं के चलते कोई खास गर्मी महसूस नहीं की गई। वहीं हवाओं के साथ धूल के गुबार ने परेशान कर दिया। सड़क निर्माण के चलते हवाओं के साथ धूल उड़ती रही। जिससे निकलना तक मुश्किल रहा। मौसम विभाग के अनुसार 9 मार्च तक अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंचेगा। मौसम साफ रहेगा। गर्मी का असर भी दिन-प्रतिदिन बढ़ेगा। मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन में धूप की वजह से ठंड का असर न के बराबर महसूस हो रही है। वहीं सुबह-शाम और रात में भी ठंड हल्की हो गई है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210477276 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235417878 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।

तुषार पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम संतोषपुर थाना बागपत, जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री आरजू चौधरी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

शोकत अली पुत्र बशीरूद्दीन निवासी मौहल्ला गुसाईयान बारू पट्टी बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय हरियाखेड़ा विकास क्षेत्र पिलाना जनपद बागपत में यूकेलिप्टस के चार पेड़ो की सार्वजनिक नीलामी दिनांक-18.03. 2025 को होगी। अत: इच्छुक क्रेता नीलामी के समय उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापक
प्रा.वि.हरियाखेड़ा विकास क्षेत्र
पिलाना, जनपद बागपत।

# बीसा में भीषण आग, झुग्गियां राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बीसा कॉलोनी में गुरुवार को एक भीषण आग ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में लगी आग से एक दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं।

आग की तेज लपटों और काले धुएं से आसमान तक ढक गया, और आग इतनी भयानक थी कि कई मवेशी भी इसकी चपेट में आ गए। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। इस दौरान कई बच्चे और महिलाएं घायल हो गए, जिन्हें तुरंत उपचार दिया गया। वहीं घायल मवेशियों को पशु चिकित्सालय भेजा गया। बीसा कॉलोनी में ज्यादातर गरीब और मेहनतकश परिवार रहते हैं। आग ने इन परिवारों का सारा सामान नष्ट कर दिया। स्थानीय प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया और प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। प्रशासन ने बताया कि जिनकी झुग्गियां जलकर राख हो गईं, उन्हें अस्थायी शरणस्थलों पर भेजा जाएगा, और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। प्रशासन ने स्थानीय समुदाय से भी अपील की है कि वे इस कठिन घड़ी में आपस में सहयोग करें और पीड़ितों की मद्द के लिए आगे आएं। बीसा कॉलोनी के लोग इस भीषण आग के बाद भारी नुकसान झेलने के बावजूद राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

# पूर्व विधायकों की शिकायतों पर जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शिकारपुर के पूर्व विधायक और अर्चना पांडा के बयान दर्ज करने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं पूर्व विधायक गुड्डू पंडित की कोठी का बिजली कनेक्शन भी काट दिया है। कोठी पर करीब 4 लाख रुपए का बिल बकाया है। गुरुवार को पावर कॉर्पोरेशन के अफसरों ने बकाया न चुकाने पर कोठी का कनेक्शन काट दिया। एसएसपी श्लोक कुमार से पूर्व विधायक मुकेश पंडित ने शिकायत में कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक षड़यंत्र के तहत आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्चना पांडा और उसके गुर्गे उनके परिवार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं, जबकि उन्होंने और उनकी भाभी काजल शर्मा ने आज तक अर्चना पांडा को देखा तक नहीं है। अर्चना पांडा उनसे एक करोड़ रुपए के लिए ब्लैकमेलिंग कर रही हैं। उनकी छवि को लगातार बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अर्चना पांडा अपना मानसिक संतुलन खो चुकी महिला है, जो अनाप शनाप आरोप लगाकर प्रसिद्ध होना चाह रही है। पूर्व विधायक ने एसएसपी

## विदेशी मुद्रा के नाम पर ठगने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिस ने विदेशी मुद्रा एक्सचेंज के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने मऊखेडा से बीसा कालोनी जाने वाले रास्ते पर आम के बाग से इन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रफीक पुत्र रिजोब, फिरदौश पुत्र अब्दुल लतीफ और कौशर पुत्र लतीफ के रूप में हुई है। इनके पास से 58,000 रुपये नकद और अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि इन अपराधियों ने पिछले कुछ महीनों में कई वारदातों को अंजाम दिया था। 30 जनवरी 2025 को नुमाईश ग्राउंड में विदेशी मुद्रा एक्सचेंज के नाम पर एक व्यक्ति से धोखाधड़ी की। जिससे संबंधित 23,000 रुपये बरामद हुए हैं। 22 फरवरी 2025 को सैन्टरल रजवाहे के पास एक और व्यक्ति से इसी तरह की ठगी की गई। जिससे 35,000 रुपये बरामद हुए।



## तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर दुकानों में घुसा, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बृहस्पतिवार तड़के करीब 3 बजे सहारनपुर की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर थाना भवन चरथावल बस स्टैंड पर खड़ी पिकअप और दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए तीन दुकानों में जा घुसा।हादसे के दौरान ट्रक ने पहले दूध के कैंटर और केला गोदाम पर कैला उतारने आई पिकअप को जोरदार टक्कर मारी, फिर बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी तीन दुकानों नूर ट्रेडर्स, चांद ऑटो स्पेयर पार्ट्स, शफीर की खाद की दुकान में जा घुसा। इस टक्कर से दुकानों के शटर, काउंटर व अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे लाखों रूपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। रात्रि के समय हुए इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। ट्रक चालक का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया अभी तक कोई तहरीर नही आई है ट्रक के नम्बरो के अनुसार ट्रक मालिक को सूचना देकर बुलाया है।

## धरना देने वाले किसान का हृदय गति रुकने से निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को किसान नेता व करीब तीन महीने शामली शुगर मिल में धरना प्रदर्शन करने वाले संजीव शास्त्री का अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। किसान नेता के निधन से किसानों में शोक की लहर दौड गई। किसानों ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि दी है।

भारतीय किसान एकता संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष एवं गन्ना किसान आंदोलन के प्रमुख स्तंभ संजीव शास्त्री लिलौन वाले का गुरूवार सवेरे अचानक हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। सवेरे परिजनों ने संजीव शास्त्री की बिगरी तबीयत के बाद गांव के ही चिकित्सक को बुलाकर दिखाया, लेकिन चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। किसान नेता की मौत से आसपास क्षेत्र के किसानों में शोक की लहर दौड गई और उन्होने मृतक किसान नेता के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



किसान का फाइल फोटो।

संजीव शास्त्री ने शामली शुगर मिल में बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर वर्ष 2024 में 95 दिन और 43 दिनों का अलग अलग धरना प्रदर्शन चलाया था। उक्त धरने से किसानों को मजबूती मिली थी और जिला प्रशासन को भुगतान दिलाने के लिए माध्य होना पडा था।

## प्रेमिका के परिजनों से तंग आकर युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्रेम विवाह रचाने क्षुब्ध प्रेमिका के परिजनों ने युवक को बंधक बनाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी,जिसके बाद युवक ने जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।परिजनों द्वारा उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई ने कोतवाली पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को



कैराना। अस्पताल में जांच करने पहुंची पुलिस।

नगर के मोहल्ला खेलकला निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र सलीम अहमद ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली पर तहरीर देकर बताया कि उसका भाई उमर फारूक पुत्र सलीम गत 21 जनवरी को एक युवती को लेकर चला गया था। जिसके बाद प्रेमी जोड़े द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुचकर प्रोडक्शन की याचिका दायर की थी।जिसमे 4 फरवरी की तिथि नियत की गई थी। किसी कारणवश समय पर न्यायालय में प्रस्तुत नही हो पाए थे। जिसके बाद प्रेमी जोड़े को न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए पुन: तारिख नियत की गई थी। लड़के पक्ष का आरोप है कि इससे पहले ही लड़की के परि. जनों ने शालीमार गांव के निकट आजादपुर मंडी राजधानी दिल्ली से युवक युवती का अपरहण कर लिया था। जिसके बाद उन्होंने लगभग एक सप्ताह तक प्रेमी युवक को अपने घर में बंधक बनाकर रखा और तरह-तरह की यातनाएं दी। युवती के परिजन बदहवास हालात में युवक को कैराना छोड़कर फरार हो गए थे और कार्रवाई करने पर परि. जनों को जान से मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई थी। गुरुवार की प्रात: प्रेमी युवक ने युवती पक्ष के लोगों की धमकी व यातनाओं से तंग आकर आत्महत्या करने के उद्देश्य से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।जिसके बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजनों द्वारा गंभीर अवस्था में युवक को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद युवक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## शामली महोत्सव में व्यापारी करें प्रतिभाग: घनश्याम दास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 8 मार्च को होगा व्यापार मंडल का होली मिलन उत्सव कार्यक्रम

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की सुभाष चौक शिव मूर्ति प्रांतीय मुख्यालय पर हुई बैठक में उपस्थित जनपद के व्यापारियों ने 7 मार्च से 10 मार्च तक शामली के वीवी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्रथम बार होने जा रहे शामली महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा सहयोग करने का संकल्प लेते हुए निर्णय लियाकि जनपद के व्यापारी शामली महोत्सव में भाग लेकर महोत्सव को दिव्य व भव्य बनाने में पूरा सहयोग करेंगे प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा की शामली महोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के ही नहीं अन्य जिलों के व्यापारी भी भाग लेंगे तथा समारोह को भव्य बनाकर जनपद शामली को प्रदेश में अग्रणीय पंक्ति में रखेंगे।

शामली में यह महोत्सव प्रथम बार हो रहा है इसे यादगार वह ऐतिहासिक बनाने में जनपद के व्यापारी पूरे जोश वह उमंग के साथ सहयोग करेंगे उन्होंने जनपद के व्यापारियों को इस शामली महोत्सव में 7 मार्च से 10 मार्च तक हर कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण देते हुए कहा कि सभी व्यापारियों का शामली महोत्सव कार्यक्रम में हार्दिक अभिनंदन और स्वागत है उधर बैठक में उपस्थित नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि शामली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन उत्सव का आयोजन शामली के नगर पालिका परिषद के ऊपरी हाल में 10 दिनांक 8 मार्च शनिवार को सायं 7 बजे से 10:00 बजे तक होगा।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व जनपद के अन्य अधिकारी गण रहेंगे शामली जनपद व शामली नगर के सभी व्यापारी इस होली मिलन उत्सव में 8 मार्च शनिवार को सायं 7:00 बजे से 10:00 बजे तक नगर पालिका परिषद के ऊपरी हाल में सादर आमंत्रित हैं बैठक में मुख्यत: नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, वैभव गोयल, ऋषभ जैन महेश धीमान आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## होली से पूर्व सक्रिय हुआ प्रशासन का छापामार दल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र. लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय जनपद शामली के आदेशानुसार होली पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त द्धखाद्यत्र्च द्वितीय शामली पंकज कुमार के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिक. ारी शामली विनोद कुमार राय के नेतृत्व में छापामार दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करते हुए आज जनपद शामली में विशेष अभियान चला कर जांच हेतु नमूने संग्रहीत किए गए जिनका विवरण निम्न प्रकार है-जनपद शामली के कैराना तहसील के ग्राम भूरा स्थित परवेज राटी पुत्र एजाज हसन की निर्माणशाला से मावा, क्रीम तथा वनस्पति का एक-एक नमूना संग्रहीत किया गया



शामली। खाद्य टीम छापेमार कार्रवाई करते हुए। छाया शाह टाइम्स

तथा मौके पर वनस्पति मिला 22 किलोग्राम मावा नष्ट कराया गया। शामली तहसील के थानाभवन स्थित आकाश कुमार की दुकान से बेसन (खुला) का नमूना संग्रहीत किया गया। छापामार दल द्वारा कैराना नगर पालिका स्थित जिन्दा पुत्र कामिल से घी का नमूना संग्रहीत किया गया। संग्रहीत नमूनों को जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। राजकीय प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। लगातार आमजनमानस से अपील की जा रही है कि रंगीन व वर्क लगी हुई मिठाईयों का सेवन न करें। यदि मिलावट से सम्बन्धित कोई जानकारी मिले तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को अवगत कराएं। छापामार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार जयंत, कुंवर पाल सिंह एवं अनन्त कुमार उपस्थित रहे। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सात सौ मीटर बिजली के तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र में बिजली चोरी और अव्यवस्था की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला 33द्ध11 केवी उपकेंद्र गढ़ी अब्दुल्ला खां के अंतर्गत भाटू के जंगल बाबू के खेत के पास का है, जहां पहले से बंद पड़ी 33 केवी विद्युत लाइन से अज्ञात चोरों ने चार स्थानों से लगभग 700 मीटर बिजली के तार काटकर चुरा लिए। विद्युत विभाग को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो अवर अभियंता विकेश कुमार गोड़ ने थाना गढ़ीपुख्ता में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी। इस मामले में जब स्थानीय समाचार पत्र दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित हुई, तो पुलिस हरकत में आई और तुरंत कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गढ़ीपुख्ता पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरी में शामिल अज्ञात व्यक्तियों की तलाश में जुट गई है।

## शामली लैब टेक्नोलॉजी वेलफेयर एसो. ने नेशनल कान्फ्रेंस में लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एमएलटी यंस कॉन 2025 मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश, जॉइंट फोरम ऑफ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट इंडिया, मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन एवं एकेडिमिक एसोसिएशन ऑफ मेडिकल लैब साइंसेज का तत्वाधान में गत मंगलवार को भोपाल में नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें शामली लैब टेक्नोलॉजी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिका. रियों ने भाग लिया।

गुरूवार को शामली लौटे डा। अर्जुन वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा में कौशल विकास, भारत के आत्मनिर्भर .ष्टिकोण का एक स्तंभ के विषय पर नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र



शिवाजी पटेल मौजूद रहे।

सचिव डा। संतोष कुमार यादव एवं डा। शादमा सिद्दीकी नेबताया कि इस नेशनल कांफ्रेंस में भारत के अन्य प्रदेशों के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी क्षेत्र के वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता, विद्यार्थी एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। साथ ही इनोवेटिव स्पीकर के रूप में अलग अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे वैज्ञानिक एवं शिक्षक के द्वारा विद्यार्थियों को मेडिकल लैब साइंसेज के क्षेत्र में हो रहे रिसर्च सहित नई टेक्नोलॉजी के बारे में भी अवगत कराया गया।

नेशनल कांफ्रेंस के आयोजन समिति में विभिन्न प्रकार कि एसोसिएशन की तरफ से मनोज कुमार, जयचंद तंवर, कांत तिवारी, विनीत दुबे, संजय वास्तव, जगदीश, अमन, नीटू, मुकेश चौहान,अकबर खान आदि मौजूद रहे।

## जुमा व तरावीह की फजीलत के बारे में समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** माह-ए-रमजान का आज पहला जुमा है। रोजे तथा तराव. ीह की फजीलत के बारे में जुमा मस्जिदों में आलिम तकरीर कर लोगों को विस्तर से बताएंगे। पहले जुमे की नमाज को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

मदरसा नूरिया के मोहतमिम कारी वकीलुर्रहमान ने कहा कि रमजान सहनशीलता और मोहब्बत बढ़ाने वाला और सब्र का महीना है। रमजान के दिनों को तीन अशरों में बांटा गया है। इसमें पहला अशरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। रमजान के पहले अशरे में जो लोग रोजा रखते हैं और नमाज अदा करते हैं उन पर अल्लाह की रहमत होती है।



दूसरे अशरे में मुसलामन अल्लाह की इबादत करते हैं और अल्लाह उनके गुनाहों को माफ कर देते हैं। वहीं आखिरी और तीसरे अशरे की इबादत और रोजा से जहन्नुम या दोजख से खुद को बचाने का अशरा है।

शहरी तथा इफ्तार में अधिक न खाएं

मौलाना याकूब ने कहा कि सहरी व इफ्तारी में अधिक खाने से रोजदार बीमार हो जाता है। इसलिए सहरी व इफ्तारी के वक्त खाने पीने में



सावधानी बरतनी चाहिए। रोजे के दौरान पेट में खाद्य पदार्थों का इतना ज्यादा भी जखीरा न कर लिया जाए कि दिन भर खट्टी डकारें ही आती रहें और रोजे में भूख प्यास का एहसास ही न रहे।

कारी साकिब ने रमजान के पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की इबादत, धार्मिक किताबों का पाठ और नेक कामों में बिताने के लिया कहा। रमजान में इबादत, तिलावत, जिक्र, तौबा और इस्तग्फार करें। माह-ए-रमजान में खैर का



काम, नेकी, सदका, जकात, खैरात, मदद जैसे कामों को दिल खोल कर करें, कंजूसी न बरते। शरीअत के अनुसार जिन कामों को हराम माना गया है, उन कामों को रमजान के महीने में करने से बचें। रमजान के महीने में की गई इबादत का 70 गुना सवाब मिलता है।

इस महीने में झूठ बोलने, बेजुबानों को सताने, चुगली करने जैसे कामों से बचें, जिससे शेष 11 महीनों में भी इस पर अमल करने में आसानी हो जाए।

### रोजे की फजीलत को बयां किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माहे रमजान के पांचवे दिन रोजेदारों ने खुदा की इबादत की और देर शाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की। जहां ब्यान में बताया गया कि अल्लाह तआला ने रोजे की अहतियत इस कदर बताई है कि रोजा मेरे लिए है और मैं ही उसका बदला दूंगा।

गुरूवार को शहर के मौहल्ला काजीवाडा में ईशा की नमाज के बाद इकटठा हुए मुस्लिमों को बोलते हुए समाजसेवी सलमान अहमद ने कहा कि अल्लाह तआघ्ला ने मोमिनो को नसीहत की है कि उनको नाजाइज तरीके से एक दूसरे का माल हड़प करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मुसलमानों को चाहिए कि आपसी रजामंदी से एक दूसरे के साथ तिजारत किया करें। वालदैन, करीबी रिश्तेदार,



यतीमों, मिस्कीनों, करीब और दूर के पड़ोसियों से अच्छा सलूक करने का हुक्म दिया है। कहा कि जब कोई किसी को सलाम करे या तोहफा दे, तो ऐसी सूरत में बेहतरीन जवाब और बेहतर तोहफा दिया जाना चाहिए और अगर ऐसा मुमकिन न हो तो इस सूरत में कम से कम इतना जवाब और इतना तोहफा जरूर दिया जाना चाहिए, जितना वसूल किया गया हो। उन्होने कहा कि एक दूसरे से मुहब्बत के साथ रहे। कहा कि अपने गली मौहल्लों में साफ सफाई रखे। साफ सफाई आधा ईमान है। इसलिए मस्जिदों, घरों और मौहल्लों में साफ सफाई जरूर रखे।

## एक नजर

### संत रविदास के बैनर फाड़ने पर रोष, अनुयायियों ने की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हरड़ फतेहपुर में बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा संत रविदास के बैनर फाड़े जाने की घटना से अनुयायियों में रोष व्याप्त है। इस मामले में रविदास मंदिर के पुजारी ओमकार दास ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।घटना की जानकारी मिलते ही आजाद समाज पार्टी द्धकाशीरामत्र्च के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे। जिला प्रभारी अंकुर अंबेडकर, पश्चिम प्रभारी नीतू गौतम, मनोज कुमार, चेतन गौतम, अमित देसाई और राजू बोकाडिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण इरशाद पुत्र इलियास निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, सुनील पुत्र प्रकाशचन्द निवासी ग्राम खेड़की थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली हैं।

### एक वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** धर्मेन्द्र पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी दयानन्द नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल को अज्ञात चोर द्वारा चन्द्र पैलेस मेरठ रोड़ सिम्भालका के पास से चोरी कर ली गई थी । घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 वाहन चोर को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शंकर पुत्र देशपाल निवासी ग्राम सिम्भालका थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### चोरी के कट्टे व मिनी ट्रक सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देवेन्द्र कुमार पुत्र भूल्लन सिंह निवासी मौहल्ला धर्मपुरा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ने अपने गोदाम से चावल के कट्टे चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई थी। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 2 चोरो को चोरी किए गए चावल के कट्टे व घटना में प्रयुक्त मिनी ट्रक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल पुत्र चन्द निवासी मौहल्ला अटल विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, रवि कुमार पुत्र रामबीर निवासी ग्राम इदरीशपुर थाना दोघट जनपद बागपत है। इनके पास से चोरी किए गए कुल 07 चावल के कट्टे, घटना में प्रयुक्त मिनी ट्रक बरामद हुआ है।

### विभिन्न मामलों में सुनाई कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 2 अलग-अलग मामलों में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 6,000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2000 में अभियुक्त इकराम पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम टपराना थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना,शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1,500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2017 मे अभियुक्त सेवाराम पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम कुड़ाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था । 6.3.2025 को न्यायालय सीजेएम कोर्ट कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय उठने तक की सजा व 4,500/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### पूर्व ईओ पर लगाए गए अर्थदंड की वसूली कराए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला दयानंदनगर निवासी समाजसेवी राजीव मलिक ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होने नगर पालिका के पूर्व ईओ पर लगाए गए अर्थ दंड की वसूली कराए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में कहा कि राज्य सूचना आयुक्त द्वारा नगर पालिका परिषद शामली के पूर्व अधिशासी अधिकारियों पर लगाए गए अर्थदंड की वसूली आदेशो को एक वर्ष से अधिक बीत जाने पर भी नही कराई गई। कहा कि तत्कालीन जन सूचना अधिकारियों , अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह यादव एवं रामेन्द्र सिंह यादव पर विभिन्न 3 वादो में 25-25 हजार रूपयों का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया था। प्रतिवादियों पर अधिरोपित किए गए अर्थ दंड 75 हजार रूपयो की वसूली कराए जाने के सम्बंध में राज्य सूचना आयोग के रजिस्ट्रार द्वारा जिलाधिकारी शामली को विभिन्न 3 पत्रो के माध्यम से नोटिस जारी किए गए थे। परन्तु बडे ही खेद का विषय है कि राज्य सूचना आयोग द्वारा संबंधित अधिकारियों से वसूली कराए जाने के आदेशो को पारित किए हुए भी एक वर्ष से अधिक का समय हो गया है अभी तक उक्त आदेशो का अनुपालन नही कराया गया है।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक



**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विशाल दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए। 100 डे टीबी कैंपेन एक महत्वपूर्ण योजना है। टीबी के मरीजों को नियमित दवाई देना तथा देखभाल करने का लक्ष्य है। कुष्ठ खोजी अभियान, नियमित टीकाकरण का सर्वे, गैर संचारी रोग कार्यक्रम, आभा आईडी जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम सहित सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलना चाहिए। इस संबंध में आशा कार्यकत्रियों, एएनएम,सी एच ओ को निर्देश दिए। बैठक में अमन बंसल, हर्षित बिश्नोई, खुर्शीद आलम, सौरभ आर्य, सीमा, राजेश कुमार, बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# कंपनी का पर्दाफाश 200 से ठगी, 13 गिरफ्तार

## डिस्ट्रीब्यूटर दिलाने के नाम पर तीन से चार लाख का लेते थे, एचआर मैनेजर से लेकर वेब डेवलपर तक शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** स्टार्टअप कंपनियों के उत्पादों को विभिन्न राज्यों में डिस्टीब्यूट्री उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने वाले 13 लोगों को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें 10 पुरुष और तीन महिलाएं शामिल है। ये लोग ठगी के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर अपना प्रचार करते थे। इनके पास से भारी मात्रा में आईटी का सामान बरामद किया है। अब ये 200 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जी-65 जी ब्लॉक सेक्टर-63 में DISTRIBUTER CHANNEL BHARAT का DISTRIBUTER नाम की एक कंपनी खोली थी। हाल ही में जम्मू निवासी ने 4,86,000 रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस शिकायत के आधार पर जांच की गई। मौके पर साइबर टीम और पुलिस ने रेड की। वहां मौके पर लोग काम कर रहे थे।लैपटॉप और डेस्कटॉप जांच करने पर ठगी के अहम दस्तावेज मिले। जिसमें साफ था कि उत्पादों का विभिन्न राज्यों में



प्रचार करेंगे। और डिस्ट्रीब्यूटर उपलब्ध कराएंगे। लेकिन ये सब फर्जी निकला। मौके पर 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान केशव वशिष्ठ, विकास शर्मा, रवि शर्मा, अमित, प्रदीप, अविनाश गिरी, आशीष कुमार मौर्या, रितेश कुमार, मनीष गौतम, रितेश कुमार, निधि , अंजली पाण्डेय, कृतिका है।

**8 से 10 डिस्ट्रीब्यूटर देने का प्रलोभन:** डीसीपी ने बताया कि ये लोग अपनी कंपनी के प्रचार में बताते थे कि कोई भी अपने उत्पादों का प्रचार या डिस्ट्रीब्यूटर चाहता है तो संपर्क करे। ये लोग कस्टमर को पैकेज बेचा करते थे। जिसमें प्रलोभन था कि अलग-अलग राज्यों में 8 से 10 डिस्ट्रीब्यूटर प्रतिमाह देंगे। जो आपके सामान को जल्दी बिकवाकर आपके मुनाफा को कई गुना तक बढ़ा देंगे। उत्पाद का प्रचार सोशल मीडिया पर करेंगे। इसके लिए ये लाखों रुपए कस्टमर से लेते थे। इनके अधिकांश कस्टमर दूर दराज के राज्यों के होते थे। ताकि वो लोग यहां न आ सके।

**मिलता था इंसेंटिव:** कंपनी का जो भी कर्मचारी कस्टमर को फंसाकर पैकेज लाने में समर्थ होता था। उसे बतौर इंसेंटिव दिया जाता था। ये लोग काफी दिनों से यहां कंपनी खोलकर काम कर थे। फिलहाल पुलिस इनका डेटा बेस चेक कर रही है। ये लोग पैकेज के नाम कस्टमर से 3 से 4 लाख रुपए लेते थे। पुलिस से न पकड़े जाए इसलिए तीन से चार महीने में ऑफिस बदल लेते थे।

**पकड़े गए आरोपियों का कंपनी में रोल:** कंपनी में एचआर मैनेजर कृतिका ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि मेरी ज्वाइनिंग करीब 02 साल पहले वाया ट्रेड प्रालि कंपनी में एचआर के पद पर हुई थी। वह कंपनी भी डायरेक्टर मयंक तिवारी की थी।

मयंक तिवारी को करीब 02 साल से जानती हूं। मेरे द्वारा कंपनी में कर्मचारी का चयन और उनके कार्य का निर्धारण किया जाता था। हमारी पूर्व कंपनी पर नोटिस आ रहे थे। ऐसे में उक्त कंपनी का नाम व पता बदल दिया था। कंपनी द्वारा उत्पादकों को स्क्रिप्ट के अनुसार लुभावने ऑफर देकर अपना पैकेज खरीदने के लिये तैयार किया जाता था।

# एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया इनामी बदमाश

**दिल्ली की महिला की हत्या मामले में था वांटेड**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दिल्ली की 40 साल की महिला की हत्या के आरोपी 20 साल के युवक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उस पर 25,000 रुपये का इनाम था और वह हत्या के बाद से ही फरार था। पुलिस ने कथित तौर पर आरोपी के कब्जे से एक देसी बंदूक, जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। उसके खिलाफ इकोटेक वन थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) अशोक कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को बुधवार को इकोटेक वन थाना क्षेत्र के एएमआर मॉल के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान दिल्ली निवासी अंकुश के रूप में हुई है। पीटीआई से बात करते हुए थाना प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि आरोपी अंकुश दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी 40 साल की महिला सुमन की हत्या के मामले में वांछित था।

अधिकारी ने बताया कि उसने और उसके साथियों ने नवंबर 2024 में दिल्ली में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। उसका शव इकोटेक वन थाना क्षेत्र की सीमा में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि विक्की नाम का व्यक्ति सुमन की बेटी एकता से शादी करना चाहता था। एकता का पति तिहाड़ जेल में बंद है और विक्की का भाई भी उसके साथ तिहाड़ में बंद है। एकता की विक्की से मुलाकात उसके पति के केस की सुनवाई के दौरान हुई और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि सुमन ने इस शादी पर आपत्ति जताई तो विक्की ने कथित तौर पर उसकी हत्या की साजिश रची और अंकुश तथा एक नाबालिग को 50-50 हजार रुपये का लालच दिया।

# दो लोगों से मोबाइल फोन छीने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर की विभिन्न जगह से बाइक सवार बदमाशों ने दो लोगों के मोबाइल फोन छीन लिए। पीड़ितों ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 और थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-20 में दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी विक्रम वर्मा ने एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को सेक्टर-19 स्थित बारात घर में बहन की शादी हो रही थी। वह बारात घर के बाहर खड़े होकर एक व्यक्ति को बारात घर का पता अपने मोबाइल फोन के माध्यम से बता रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित के अनुसार उनके मोबाइल फोन के कवर में ढाई हजार रुपये भी रखे थे। वहीं, थाना सेक्टर-39 में गांव छलेरा निवासी अक्षय कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनका कहना है कि चार मार्च की शाम वह सेक्टर-44 के एफ जी ब्लॉक के पास से गुजर रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने बदमाशों का पीछा किया तथा बाइक के पीछे बैठे एक बदमाश को पकड़ लिया। पीड़ित के अनुसार, बदमाश ने उन्हें धक्का दे दिया। जिस कारण वह सड़क पर गिर गए तथा उन्हें गंभीर चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# कार में लिफ्ट देकर लूटने वाले गिरोह का बदमाश मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-42 में गुरुवार दोपहर पुलिस की लोगों को कार में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह के साथ मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस की टीम गुरुवार दोपहर सेक्टर-41 चौकी के सामने चेकिंग कर रही थी तभी सूचना मिली कि कुछ बदमाश सेक्टर-49 की तरफ से सेक्टर-37 की तरफ कार से आने वाले हैं। ये बदमाश लोगों को लिफ्ट देकर नशीला पदार्थ खिलाकर लूटने वाले गिरोह के हैं। इस पर पुलिस टीम ने आरक्यूब मोनाड मॉल के निकट बैरियर लगाकर चेकिंग



शुरू कर दी। कुछ समय बाद सेक्टर-49 की तरफ से एक कार आती दिखाई दी।

पुलिस टीम पे उसको रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक यूटर्न लेकर सेक्टर-45 की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम के पीछा करने पर उसने कार को सेक्टर-42 के जंगल की तरफ मोड़ दिया। खुद को घिरता देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और कार छोड़कर झाड़ियों की तरफ पैदल भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसकी पहचान जिला एटा के गांव सभापुर निवासी शिव कुमार उर्फ चिंटू उर्फ शिवम कुमार के रूप में हुई।

उसका साथी भाग गया। पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, एक कारतूस, कार, 15 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बरामद मोबाइल को 22 फरवरी को एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बाद नशीला पदार्थ खिलाकर लूटा गया था। इसके संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज है। जांच में पुलिस को पता चला कि बदमाश के खिलाफ जिला इटावा में हत्या करने, साक्ष्य मिटाने और गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### जेवर में किसान एकता संघ ने की बैठक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में किसान एकता संघ ने अपने स्थापना दिवस पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और हरियाणा से सैकड़ों किसान शामिल हुए।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब के किसान पिछले 100 दिनों से दिल्ली बॉर्डर पर भूख हड़ताल पर हैं।गौतम बुद्ध नगर के किसानों की कई मांगें लंबित हैं। इनमें आबादी, बैकलीज, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, 10 प्रतिशत विकसित भूखंड और 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करना शामिल है। प्राधिकरण इन समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है।

### हॉस्टल के कर्मचारी के साथ मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में हॉस्टल के कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट का आरोप हॉस्टल में रहने वाले छात्रों पर लगा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक हॉस्टल में तैनात कर्मचारी तनुज कुमार अपने साथियों के साथ दुकान पर केक लेने गया था। केक लेकर वापस जाते समय निमेश राय ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर तनुज पर हमला कर दिया। मारपीट करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर म्यू दो के समीप घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की गई। कार के पहिया की हवा निकाल दी गई। आरोपियों ने पीड़ित का नाम लेकर गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित विकास चौधरी एक सोसाइटी में परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी कार सेक्टर म्यू दो के समीप खड़ी थी। इस बीच एक महिला अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंची और कार के चारों पहिया की हवा निकाल दी। इसके बाद डंडा मारकर कार के शीशे तोड़ दिए। आरोपियों ने वहां खड़े होकर पीड़ित का नाम लेकर गाली गलौज की। आरोप है कि आरोपी पीड़ित के साथ मारपीट करने की फिराक में थे। पीड़ित वहां नहीं मिला तो गाड़ी में तोड़फोड़ की और धमकी देकर भाग गए। दादरी कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी निधि, सुधीर और जस्सू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो प्राधिकरण में 21 पदों पर पूर्व कर्मी भर्ती होंगे

**नोएडा।** विकास परियोजनाओं सहित दफ्तर के कार्यों में तेजी लाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मदद लेगा। इन्हें महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक सहित 21 पदों पर निश्चित अवधि के लिए रखा जाएगा। इसकी सूचना जारी कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक नियोजन, संपत्ति, परियोजना, सामान्य प्रशासन सहित विभिन्न विभागों में महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक के पद पिछले लंबे समय से खाली हैं। इन पदों पर नियुक्ति नहीं होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में शासन को अवगत कराया जा चुका है। वहीं, प्राधिकरण ने रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भर्ती के लिए सूचना जारी की है। इसके मुताबिक महाप्रबंधक (प्रशासन/सामान्य) के पद पर दो, उप महाप्रबंधक (सिविल) के पद पर दो, सहायक महाप्रबंधक एक, सहायक लेखाकार तीन, प्रोग्रामर तीन, डाटा एंट्री ऑपरेटर चार और कनिष्ठ सहायक के पद पर छह सेवानिवृत्त कर्मियों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति की जाएगी। ऐसे कर्मियों को रखा जाएगा, इनकी उम्र 65 वर्ष से कम होगी। प्राधिकरण के ओएसडी कार्मिक जितेंद्र गौतम ने बताया कि महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए महाप्रबंधक प्रशासन/सामान्य, उप महाप्रबंधक सिविल, सहायक महाप्रबंधक, सहायक लेखाकार सहित 21 पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों को नियुक्त किया जाएगा। रिक्त पदों के भर जाने से जनहित के कार्यों को गति मिलेगी। पूर्व में भी महाप्रबंधक नियोजन, उपमहाप्रबंधक सिविल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रजिस्टार कानूनगो, सहायक प्रबंधक सिविल, प्रबंधक (वास्तुविद्/नियोजन) आदि पदों पर सेवानिवृत्त कर्मियों की नियुक्ति की जा चुकी है। लंबे समय से खाली पड़े पदों पर शासन की ओर से भर्ती न किए जानेपर सेवानिवृत्त कर्मियों को निश्चित समयावधि के लिए रखकर काम चलाना पड़ रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में 20 एकड़ में बनेगी फिल्म यूनिवर्सिटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में विकसित की जा रही इंटरनेशनल फिल्म सिटी में ही 20 एकड़ में फिल्म यूनिवर्सिटी बनेगी। फिल्म यूनिवर्सिटी के निर्माण-विकास और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शोध जारी है और जल्द ही मास्टर प्लान व विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर इसके निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। फिल्म यूनिवर्सिटी फिल्म समारोह के आयोजन का केंद्र भी होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी का विकास ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-21 में किया जा रहा है। यह कई जोन व केटेगरी में विभाजित है। इसी के जोन-6 में फिल्म यूनिवर्सिटी के कैंपस का निर्माण व विकास प्रस्तावित है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) इस परियोजना को साकार करने में जुट गई है।

**टैलेंट पूल की तरह काम करेगी फिल्म यूनिवर्सिटी:** यह फिल्म यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए टैलेंट पूल की तरह काम करेगा। यूनिवर्सिटी में फिल्म निर्माण से संबंधित डायरेक्शन, स्क्रिप्ट राइटिंग, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग समेत विभिन्न प्रकार के स्पेशलाइज्ड कोर्स संचालित होंगे। इन कोर्सेस के प्रशिक्षु विद्यार्थियों को फिल्म सिटी में जारी विभिन्न प्रोजेक्ट्स में काम मिल सकेगा। इससे उनकी प्रैक्टिकल लर्निंग में इजाफा होगा जबकि स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट, वर्क व इंडस्ट्री एक्सपोजर की दिशा में भी फिल्म सिटी व फिल्म यूनिवर्सिटी सहायक सिद्ध होगी।

**सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के तौर पर करेगी कार्य:** मुख्यमंत्री के विजन अनुसार, फिल्म यूनिवर्सिटी के कैंपस को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि यहां भविष्य में फिल्म फेस्टिवल, सेमिनार, प्रदर्शनी समेत विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन होगा। फिल्म यूनिवर्सिटी का कैंपस भविष्य में ग्रेटर नोएडा तथा यीडा क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा इस बात को ध्यान में रखकर विकास की योजना बनाई जा रही है।

**लाइब्रेरी, कैफेटेरिया समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से होगा लैस:** फिल्म यूनिवर्सिटीज में स्टेट ऑफ द आर्ट क्लासरूम, स्टूडियो, एडिटिंग सूट्स व वीआर लैब समेत विभिन्न प्रकार के सेटअप्स को विकसित किया जाएगा। यहां विभिन्न प्रोडक्शन हाउसेस के वर्कशॉप भी आयोजित होंगे तथा इंटर्नशिप समेत गेस्ट लेक्चर्स की सुविधा भी उपलब्ध होगी। रिसर्च लैब व लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जाएगा। यह फिल्मों की स्क्रिप्ट्स, स्क्रीन प्ले समेत विभिन्न प्रकार के एकेडमिक लिटरेचर से युक्त होंगी।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 पुलिस ने बुधवार रात मुठभेड़ के दौरान लुटेरे को गिरफ्तार किया। वह गोली लगने से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में लूटपाट के करीब 34 मुकदमे दर्ज हैं।

एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम बुधवार देर रात सेक्टर-54 के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। संदेह होने पर उसे रुकने का इशारा किया तो वह रुकने के बजाय वहां से भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसे घेर लिया। खुद को पुलिस से घिरा हुआ देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश की टांग में गोली लग गई। पुलिस टीम ने घायल होने के बाद बदमाश को घेरकर पकड़ लिया। आरोपी की पहचान मेरठ के सिविल लाइन निवासी मक्कू उर्फ मारक उर्फ आहिल उर्फ निखिल उर्फ विवेक उर्फ गौरव उर्फ टुकटुक उर्फ नानू के रूप में हुई।

आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक, तमंचा तथा विभिन्न लोगों से हुई लूट से संबंधित सामान बेचकर एकत्र की किए 7500 रुपये बरामद किए। बदमाश के ऊपर एनसीआर के विभिन्न थानों में लूटपाट, चोरी, अवैध हथियार रखने सहित 34 मुकदमे दर्ज हैं।

# कॉलेज में ईको फ्रेंडली कक्षा का शुभारंभ

**नोएडा।** सेक्टर-91 स्थित पंचशील इंटर कॉलेज में गुरुवार को इको फ्रेंडली क्लास रूम (कक्षा) का उद् घाटन किया गया। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कक्षा को शुगरक्रीट ब्लॉक्स से बनाया गया है। सांसद महेश शर्मा ने इको फ्रेंडली (पर्यावरण अनुकूल) क्लास रूम की शुरुआत करते हुए कहा कि यह पहल प्रदूषण के प्रभाव को कम करने में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मिट्टी की ईंटों के निर्माण के लिए जीवाश्म ईंधन जलाना पड़ता है। इससे हजारों टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। यह वायु प्रदूषण को बढ़ावा देती है। शुगरक्रीट ब्लॉक्स से बनी कक्षा पारंपरिक ईंटों की तुलना में कई मायनों में बेहतर हैं। इस मौके पर शुगरक्रीट के सह-निर्माता और यूईएल संस्टेनबलिटी रिसर्च इंस्टीट्यूट के एसोसिएट एलेन चांडलर उपस्थित रहे।

# नोएडा उद्यानिकी डंपिंग ग्राउंड में नहीं बुझी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-32ए प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग के बने डंपिंग ग्राउंड में लगी आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। इस आग को बुझाने में अभी 4 से 5 दिन का वक्त और लग सकता है। पूरे इलाके को फायर कर्मचारी ने आइसोलेट जरूर कर लिया है। जिसके चलते अब यह आगे नहीं फैलेगी लेकिन इसे पूरी तरह बुझा पाने में फायर ब्रिगेड के लोग अभी कई दिन लगने की बात कर रहे हैं। इसके अलावा तेज हवा भी फायर कर्मचारी के कार्य में बाधा पहुंचा रही है। फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि आग को काबू पाने में अभी 4 से 5 दिन का वक्त लग सकता है। अगर इस बीच कोई बड़ी आग कहीं और नहीं लगी तब ज्यादा से ज्यादा मैनपॉवर और गाड़ियों का इस्तेमाल कर इस आग पर काबू पाया जा सकता है। सूखी पत्तियां, पेड़ पौधों और खाद



समेत अन्य तरह के वेस्ट का यह डंपिंग ग्राउंड करीब 30 से 40 फुट गहरा है और अंदर तक पानी न पहुंच पाने के कारण इसमें लगी आग को बुझा पानी में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी असमर्थ हो रहे हैं।आग बुझाने में दमकल विभाग के 75 कर्मी 15 गाड़ियों की मदद ले रहे हैं। कई किलोमीटर तक धुआं उठता दिख रहा है। इससे पहले भी दो बार यहां आग लग चुकी है। हर बार आग बुझाने में छह से सात दिन का समय लगा था। सेक्टर-32ए में मैदान में उद्यान विभाग द्वारा औद्यानिक कचरा एकत्र किया जाता है। इसके लिए यहां गहरे गड्ढे बनाकर पत्तों को दबा दिया जाता है। बताया गया है कि कई दिनों से यहां पर गीला और सूखा कूड़ा भी फेंका जा रहा है।

**ये सेक्टर हो रहे प्रभावित:** इस डंपिंग ग्राउंड के आसपास के इलाकों की बात करें तो इसमें सेक्टर 30, सेक्टर 31, सेक्टर 32, सेक्टर 34, सेक्टर 35, मोरना गांव, सेक्टर 54, होशियापुर आदि इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को इस धुएं के कारण काफी ज्यादा सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज चल रही हवा इस धुएं को काफी दूर तक ले जा रही है।

**लगातार पानी लेकर पहुंच रहे फायर टेंडर:** मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि बुधवार दोपहर तीन बजे आग लगने की सूचना मिली। 15 गाड़ियों की मदद से 75 कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। फायर टेंडर लगातार घटना स्थल पर पानी लेकर पहुंच रहे हैं। अनुमान है कि आग बुझाने में कम से कम चार से पांच दिन लग जाएंगे। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। साथ ही प्राधिकरण के अधिकारियों को पूर्व में भी पत्र लिखे जा चुके हैं।

**लोगों को सांस लेने में हो रही परेशानी:** आग लगने के बाद धुंए का गुब्बार आसमान में छा गया। घटना स्थल से लगातार धुंआ निकल रहा है। आसपास के सेक्टर में रहने वाले लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी हो रही है। एलिवेटेड रोड समेत आसपास की सड़कों से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी सांस के रोगियों को हो रही है। लोग आग लगने के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# डिवाइडर पर चढ़ी कार चार युवक घायल

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार चार युवक घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, गाड़ी को क्रेन की मदद से खिंचवाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुधवार रात करीब 12 बजे थार में सवार चार युवक सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन की तरफ से सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन की तरफ जा रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही गाड़ी सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के बीच पहुंची तो एक अन्य कार की दाहिनी खिड़की में टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। कार की खिड़की में टक्कर लगने के बाद थार से चालक का नियंत्रण समाप्त हो गया। इसके बाद थार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। गनीमत रही कि कोई और व्यक्ति थार की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चारों युवकों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। पुलिस के मुताबिक थार सवार युवकों की पहचान गाजियाबाद के इंदिरापुरम की ऑरेंज काउंटी निवासी अतहर मित्तल, ओजस नमनी, गुरुग्राम निवासी अधिराज वर्मा और दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी शौर्य के रूप में हुई। थार सवार सभी युवक दोस्त हैं।

# आयकर विभाग ने काउंटी ग्रुप के 26 ठिकानों पर मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश की नामी बिल्डर कंपनी काउंटी के 5 शहरों में ग्रुप के 26 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमें पहुंचीं। कोलकाता, गुड़गांव के दो-दो, गाजियाबाद के पांच, दिल्ली के चार, नोएडा के 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई। आरोप है कि नकद रकम लेकर फ्लैट व अन्य संपत्तियों को बेचा गया। इस सूचना पर आयकर विभाग द्वारा छापा मारने की कार्रवाई की गई।

आयकर विभाग की नोएडा यूनिट ने रियल एस्टेट से जुड़े काउंटी बिल्डर ग्रुप पर छापा मारा। कैश में फ्लैट व अन्य संपत्तियों को बेचकर आयकर चोरी की सूचना पर 5 शहरों में ग्रुप के 26 ठिकानों पर टीमें पहुंचीं। कोलक. ाता, गुड़गांव के दो-दो, गाजियाबाद के पांच, दिल्ली के चार, नोएडा के 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई। टीमें बिल्डर ग्रुप से जुड़े प्रॉपर्टी एजेंटों तक भी पहुंचीं। इस कार्रवाई में आयकर विभाग ने अब तक किसी तरह की बरामदगी की सूचना आधिकारिक तौर पर नहीं दी है। लेकिन बड़ी तादाद में दस्तावेज, लैपटॉप व कम्प्यूटर विभाग ने कब्जे में लिए हैं।

काउंटी ग्रुप मौजूदा समय में कई ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं का निर्माण अलग-अलग शहरों में कर रहा है। ग्रुप की परियोजनाओं में फ्लैट उच्च आय वर्ग व कारोबारियों की आय की पहुंच में होते हैं। अधिकतर फ्लैट की कीमत 3 करोड़ से शुरू होती है। नोएडा में इस समय सेक्टर-120 में आईवी काउंटी और सेक्टर-107 में काउंटी-107 परियोजनाएं चल रही हैं। पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग प्लॉट की नीलामी में भी यह ग्रुप शामिल हुआ था।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विप्रो गोल चक्कर से प्राधिकरण मुख्य द्वार तक पैदल मार्च निकाला। संगठन ने प्राइवेट अस्पतालों और स्कूलों में स्थानीय किसानों के अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि प्राधिकरण ने शहर में अस्पतालों, स्कूलों और औद्योगिक इकाइयों को सस्ते दरों पर भूखंड आवंटित किए थे। इसके बदले में किसानों के बच्चों को शिक्षा में 25% छूट मिलनी थी। अस्पतालों में किसानों के लिए सुबह-शाम 2-2 घंटे मुफ्त ओपीडी और 10% गरीबों का नि:शुल्क इलाज होना था। साथ ही औद्योगिक इकाइयों में 40%





स्थानीय युवाओं को नौकरी मिलनी थी।लीज डीड में यह सभी शर्तें होने के बावजूद स्थानीय किसानों को उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। विभिन्न गांवों के किसानों ने गुरुवार को संगठन के बैनर तले प्रदर्शन कर इन नियमों को तुरंत लागू करने की मांग की।

प्राधिकरण के ओएसडी नवीन कुमार और एसडीएम जितेंद्र गौतम ने 21 दिन में सभी शर्तें लागू करने का आश्वासन दिया है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बहलोलपुर में झुग्गियों में लगी भीषण आग, कई झोपड़ियां जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित गांव बहलोलपुर के पास झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार रात को भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते कई झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि झोपड़ियों में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कई झुग्गियां जल गई हैं।यह घटना रात 9.40 बजे की बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि संभलने का मौका तक नहीं मिला। दमकलकर्मी ने बताया कि तेज हवा की वजह से आग बुझाने में दिक्कत हो रही है। हालांकि, दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# देदवा गांव में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के सोफीपुर मार्ग पर देदवा गांव में स्थित एक अवैध कॉलोनी पर गुरुवार को एमडीए की टीम दो बुलडोजरों के साथ पहुंची और महज खाना पूर्ति कर वापिस लौट गई।

जिससे उनकी कार्यशैली पर अनेकों सवाल उठ रहे है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि एमडीए की टीम कार्यवाही के नाम पर भेदभाव कर रही है मतलब साफ है जिस कालोनाइजर से सैटिंग हो जाती है वहां कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है और जिस काला. नाइजर से चर्चा नहीं होती उसका भारी नुकसान कर दिया जाता है, अब टीम के इस भेदभाव पूर्ण रवैया की क्षेत्र में चर्चा जारी है। कुछ दिन पहले दौराला में लावड़ रोड पर एक कॉलोनी को टीम द्वारा पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया था जबकि कुछ कालोनाइजर से सैटिंग होने के बाद उन पर खाना पूर्ति की जा रही है। ऐसा ही एक मामला लावड़ क्षेत्र में देखने को मिला।

देदवा गांव में मुख्य मार्ग पर काली नदी के पुल के बराबर में बिना नक्शा पास कराए काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी पर गुरुवार को राकेश राणा के नेतृत्व में पहुंची एमडीए की टीम द्वारा महज खानापूर्ति की गई यहां कार्यवाही के नाम पर केवल कॉलोनी के रास्ते की ईंटें ही उखाड़ी गई वो भी कुछ दूरी पर जबकि इस अवैध कॉलोनी में काफी निर्माण किया जा चुका है जिसे टीम द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया है। वहीं जिस समय टीम कार्यवाही कर रही थी उसी दौरान कालोनाइजर द्वारा उनके लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई जो चर्चा का विषय बना हुआ है टीम में शामिल कर्मचारी वहां जलपान करते हुए नजर आए।

### मीठेपुर मार्ग पर भी काटी जा रही अवैध कॉलोनी, कब होगी कार्यवाही

लावड़ कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर ग्रीन वैली मंडप के बराबर में भी बिना नक्शा पास कराए और बिना आबादी में दर्ज कराए एक अवैध कॉलोनी बड़े पैमाने पर काटी जा रही है। आखिर इस तरह धांधले बाजी कर लोगों की जेब पर कब तक डाका डाला जाएगा,ये बिल्डर बाहर से आकर ग्रामीण क्षेत्रों में भोली भाली जनता को अपना शिकार बना रहे है। ग्रामीण इन कॉलोनी में प्लॉट लेकर बाद में पछताते है बिल्डर तो प्लॉट बेचकर चले जाते है और जनता बिना बिजली पानी के तरस जाती है। ओर उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों का कहना है कि कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर काटी जा रही कॉलोनी के बिल्डर के अनुसार उनकी कॉलोनी पर भी खानापूर्ति के लिए एक बार बुलडोजर चलाया जाएगा। उसके बाद यहां पक्का रास्ता बनवाया जाएगा। साथ ही कुछ मकान भी उसके बाद बनाकर बेचे जाएंगे। सवाल ये उठता है कि आखिर मेडा की टीम द्वारा ऐसी अवैध कॉलोनियों पर निष्पक्ष कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है।

# जानी क्षेत्र में शराब पीने से बुजुर्ग की मौत

■ मृतक गन्ना क्रय केन्द्र में करता था काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की देर रात को थाना क्षेत्र के गांव कुसेडी में गन्ना केंद्र पर काम कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई जब दिन निकलते ही ग्रामीणों ने जाकर देखा तो बुजुर्ग मृत पड़ा था, तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार बाली पुत्र सतपाल उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी कुसेडी जो गन्ना केंद्र पर काम करता था बुधवार की रात अचानक उसकी मौत हो गई जब सुबह कर्मचारियों ने व ग्रामीण ने आकर देखा तो वह मृत पड़ा था।



सूचना पाकर पहुंचे सिवाल खास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर ने जांच पड़ताल करते हुए बताया कि बुजुर्ग शराब का आदी था ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग शराब रोज शराब पीता था पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की मौत से लोगों में चर्चा है।

## सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** सेंसोडाइन जो हेलियोन का एक जाना माना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बांटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि सेंसोडाइन में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना आंकड़ों की बात नहीं है।

## एनसीआरटीसी ने पूरा किया फ्लाईओवर पर सड़क निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने मेरठ में मेवला फ्लाईओवर अतुल माहेश्वरी उपरिगामी सेतु पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है। मेरठ में शॉप्रिक्स मॉल से बेगमपुल की तरफ जाते हुए मेवला फ्लाईओवर है, जिस पर उच्च गुणवत्ता की सड़क का निर्माण किया गया है।

अब यहां सुगमता से यातायात चल रहा है। हाल ही में मेवला फ्लाईओवर पर सड़क की स्थिति देखकर, स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से सामंजस्य के साथ एनसीआरटीसी ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया था, जिसे तय समयसीमा में पूर्ण कर दिया गया है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सिविल निर्माण के दौरान एनसीआरटीसी समय-समय पर सड़कों का रख रखाव करती रही है। लोगों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच ही किया गया। ऐसे में न केवल तारकोल की कारपेटिंग की गई, बल्कि निर्माण से पहले मशीनों की मदद से सड़क की ऊपरी परत को उतारा गया। इसके बाद बिटूमिनस कारपेटिंग करते हुए उच्च गुणवत्ता की सड़क का निर्माण किया गया। अब लोगों को पहले से बेहतर सड़क इस्तेमाल करने को मिल रही है।



# सपा विधायक अबू आजमी का पुतला छीना

■ विश्व हिंदू महासंघ भारत के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर पुतला फूंकने का किया था प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के अध्यक्ष संदीप चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पर सपा विधायक अबू काजमी का विरोध किया है।

इस दौरान कार्यकर्ता कमिश्नरी चौराहे पर अबू आजमी का पुतला लेकर पहुंचे जिससे सिविल लाइन पुलिस ने छीन लिया इस दौरान संगठन महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान बताया है जिसका विश्व हिंदू महासंघ भारत विरोध करती है उन्होंने कहा कि अब वह आदमी औरंगजेब को महान बता रहे हैं और छत्रपति शिवाजी एवं संभाजी महाराज के अपमान का विरोध महासंघ शिक्षक और बुद्धिजीवी पर कड़े शब्दों में करता है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे व्यक्ति पर देशद्रोही का मुकदमा और देश से निकाला जाए। इस दौरान भूपेंद्र पंवार, अमन सिवाच, पंकज कुमार, आलोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# गढ़ रोड मार्ग की दशा को सुधारने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छात्रों ने शहर की सड़कों का निर्माण व सड़कों के गड्ढे दुरुस्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग पर लगने वाली साप्ताहिक पेठों को हटाने की भी मांग की है। उनका कहना था कि ग्रामीण सड़कों का हाल पिछले कुछ वर्षों में मरम्मत का निर्माण कार्य न होने के कारण झज्जर हालत में है जिले के बाहरी भाग को जिले से जोड़ने वाले गढ़ रोड मार्ग की दशा तो बद से बदत्तर है जिस पर आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही है। फिलहाल भी दुर्घटना हुई है।

जिसके चलते कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं गढ़रोड मार्ग पर दुर्घटना में कई नौजवान युवक भी शामिल हैं उन्होंने मांग की है कि शहरों की स्थानीय सड़कों का निर्माण व गड्ढा मुक्त सड़के जल्द से जल्द बनाई जाए। साथ ही गढ़ रोड के निर्माण में विलंब न हो जिससे और अन्य जान बच सके। इसके अलावा उन्होंने मुख्य मार्ग पर लगने वाली साप्ताहिक पेठों का भी विरोध किया है।

## भारतीय किसान यूनियन किसान योद्धा के शाहिर राणा बने महानगर सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारतीय किसान यूनियन किसान योद्धा के चौधरी शाहबाज त्यागी राष्ट्रीय प्रभारी के निर्देश पर सिवाल खास निवासी शाहिर राणा को मेरठ महानगर का सचिव मनोनीत किया है। वहीं उनके महानगर सचिव बनते ही कस्बा सिवालखास वासियों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं शाहिर राणा ने कहा कि केवल किसान भाइयों की समस्या के लिए हमेशा तैयार रहेंगे उन्होंने कहा कि वह किसान यूनियन किसान योद्धा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के और किसान यूनियन के हाथ मजबूत करेंगे और किसान भाइयों की हर सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे।

# ऑपरेशन क्लीन में 18 सीज वाहनों की हुई नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** ऑपरेशन क्लीन के तहत थाने में आयोजित नीलामी में पुलिस ने 18 सीज वाहनों को नीलाम कर दी। सर्वोच्च बोली दाता के नाम नीलामी छोड़ी गई। कप्तान डॉ. विपिन ताडा द्वारा चलाये जा रहे वाहनो के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत थाने में बुधवार को सीज वाहनों की नीलामी कराई गई। सहायक पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी देवेश चतुर्वेदी के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु कराई गई नीलामी में 33 ठेकेदार शामिल हुए। इस दौरान सीजशुदा 18 वाहनो की नीलामी सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनो के किए गए मुल्यांकन कीमत से अधिक राशि में नीलाम किया गया। नीलामी में 18 दुपहिया वाहन 72 हजार रुपए में नीलाम किए गए है। उपस्थित ठेकेदारों में सर्वोच्च बोली देने वाले आसिफ पुत्र नफीस निवासी खैरनगर थाना देहली गेट के नाम पर सार्वजनिक रूप से यह वाहनों की नीलामी की गई है।



# मेडिकल कॉलेज में चयनीत 142 एएनएम का प्रशिक्षण चार चरणों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ मेडिकल कॉलेज से प्राप्त निर्देशानुसार के क्रम में जिले में 142 नवनियुक्त एएनएम का 12 दिवसीय आधारभूत अभि मुखीकरण प्रशिक्षण डॉ. अशोक कटारिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ, डॉ. कांति प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में चार बैचों में किया जाना है। प्रशिक्षण में यूपीटीएसयू द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण का प्रथम बैच 27 फरवरी 2025 से 10 मार्च 2025 तक सम्भागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ मंडल, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ में डॉ. पीपी सिंह, प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में 6 दिन तकनीकी सत्र, पांच दिन का कौशल अभ्यास सत्र तथा एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण किया जाना है। नवनियुक्त एएनएम के पांच दिवसीय कौशल अभ्यास सत्र नर्सिंग महाविद्यालय लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ में किया जाना है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मालिनी डेविड एनएमटी ने विशेष रूप से सुसज्जित अभ्यास कक्ष, नैदानिक कौशल, आदि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रशिक्षण डॉ. विश्वास चौधरी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, 50 शैय्या चिकित्सालय किठौर, डॉ. प्रीत गिल, चिकित्सा अधिकारी अति प्रा स्वा केंद्र सैनी, बाबूराम अहलावत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं खुशबू चौधरी स्टाफ नर्स द्वारा दिया जाना है।



# दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बाइक लेकर गए तो कटेगा दो हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ दिल्ली एक्सप्रेसवे पर अब दो पहिया वाहनों का चलना मुश्किल होगा अगर कोई भी दो पहिया वाहन हाईवे पर चलता पाया गया तो उसे इनाम में 2000 का चालान मिलेगा।

हाईवे पर लगातार हो रही दो पहिया वाहनों की दुर्घटना की रोकथाम के लिए एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र सिंह ने नया नियम लागू कर दिया। उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि हाईवे पर दो पहिया वाहन को अब बक्शा नहीं जाएगा। अगर कोई भी दोपहिया वाहन हाईवे पर चलता मिला तो उसका 2000 का चालान काटा जाएगा। अब तक लगभग कई दो पहिया वाहनों के चालान एसपी द्वारा काटे जा चुके हैं। वहीं बाइक सवार लोगों में इतने बढ़े चालान को लेकर दहशत है।



# नारीवादी आंदोलनों के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण साधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, विवि स्टार्टअप कमेटी, लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ एवं छात्र परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाए जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत विश्व को आकार देने में उद्यमियों के रूप में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई सभागार में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, मुख्य वक्ता अधिवक्ता मोलश्री भटनागर, प्रसिद्ध लेखिका शर्मी अधिकारी, विश्वविद्यालय स्टार्टअप कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर.के.घई, महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. अंशुल त्रिवेदी, लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सारिका अभय, डॉ. जैस्मिन आनन्दाबाई, डॉ. राखी झा, डॉ. मंजू अधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम प्रभारी डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डेन्टल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई।




मैनेजमेंट कॉलेज की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के विषय पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता अधिवक्ता मोलश्री भटनागर ने कार्यस्थल पर महिलाएं समान होते हुए भी भिन्न हैं, के विषय पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कानूनी प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन लैंगिक समानता के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समाज में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दे रही हैं, लेकिन उन्हें कार्यस्थल पर भेदभाव और असमानता, समान वेतन, यौन उत्पीड़न, मातृत्व अवकाश, लैंगिक भेदभाव, और सुरक्षित कार्य वातावरण जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कानून में महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रावधान दिए गए है, जिन्हें जागरूकता के साथ अपनाने से महिलाएं प्रभावी रूप से सशक्त होंगी। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए। प्रसिद्ध लेखिका शर्मी अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण में सोशल मीडिया का प्रभाव के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने व अपनी आवाज बुलन्द करने में सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में नारीवादी आंदोलनों के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण साधन बनकर उभरा है, जो समर्थन जुटाने और लैंगिक हिंसा और यौन हिंसा जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा शुरू करने का अवसर देता है।

सोशल मीडिया ने महिलाओं को सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक समानता के रूप में सशक्त करने का कार्य किया है। आज फेसबुक, व्हाट्सऐप, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सहायक बन गए हैं। ज्ञापन विश्वविद्यालय महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने दिया। मंच का संचालन डॉ. निशा सिंह ने किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के सभी संकाय व विभाग की महिला पदाधिकारी, शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रही।


**Truhome FINANCE**

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100 ; **वेबसाइट:** website: http:// www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, दूसरा लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, टेनामपेट, चेन्नई- 110016.
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरूद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110016

**परिशिष्ट-IV-A (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। दिनांक **26 मार्च 2025** को सुबह **11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के** बीच ई-नीलामी में **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | 13( 2 ) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि ( रू. ) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण ( ईएमडी ) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| **मैसर्स डायमंड स्वीट्स** अपने मालिक/साझेदार/प्रबंधक निदेशक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता दुकान नंबर जी-58, ग्राउंड फ्लोर, वर्धमान प्लस सिटी मॉल, सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली-110075.<br>श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा फ्लैट नंबर ए-1-083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006. इसके अलावा: मकान नंबर VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, खसरा नंबर 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032.<br>श्री राकेश शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री राम प्रकाश शर्मा फ्लैट नंबर ए- 1- 083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006 इसके अलावा: मकान नंबर 7/19-ए, ज्वाला नगर, लाहौरी वाली गली, शाहदरा दिल्ली-110032. इसके अलावा: मकान नंबर VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, खसरा नंबर 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032.<br>श्री मुकेश शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री राम प्रकाश शर्मा फ्लैट नंबर ए- 1-083, 8वीं मंजिल, शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम, हरियाणा -122006. इसके अलावा: हाउस नंबर 7/19-ए, ज्वाला नगर, लाहौरी वाली गली, शाहदरा, दिल्ली 110032. | 13-अप्रैल-2024<br>रू. 32,50,686/- (रुपये बत्तीस लाख पचास हज़ार छह सौ छियासी मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या- SLPHGPRK0001527 अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ ।<br>**कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार**<br>26-जुलाई-2024 - भौतिक कब्जा<br>**भार ज्ञात**<br>ज्ञात नहीं | रू. 22,00,000 /- (रूपये बाईस लाख मात्र)<br>**बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में<br>**धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)**<br>रू. 2,20,000/- (रूपये दो लाख बीस हजार मात्र)<br>ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 21 -मार्च-2025 सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक | ईएमडी राशि आरटीजीएस /एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है।<br>**बैंक का नाम**- एक्सिस बैंक लिमिटेड<br>**शाखा** - बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई<br>**बैंक खाता सं.**- चालू खाता नं. 911020045677633<br>IFSC CODE-UTIB0000230 | 26 मार्च 2025<br>समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | **संजीव शर्मा** फोन नं. 011-40725822<br>**कस्टमर केयर नं.** 022-40081572<br>**सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 19 मार्च 2025 समय 11:00 बजे से शाम 4: 00 बजे तक** |

**सम्पत्ति का विवरण**

संपत्तियों के सभी भाग और पार्सल पर निर्मित द्वितीय तल छत के अधिकार सहित, मकान क्रमांक VII/19, पुराना नंबर VII/550/19, भूमि क्षेत्रफल- 115 वर्ग गज, खसरा नंबर. 742, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032। उक्त संपत्ति की सीमाएँ:-उत्तर: अन्य संपत्ति, दक्षिण: अन्य संपत्ति, पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम: गली

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों, बोली फॉर्म और अन्य के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https:www.bankeauctions.com पर आयोजित की जाएगी। लिमिटेड, पता: - प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003। किसी भी सहायता के लिए, आप ईमेल आईडी: tn@c1india.com, support@bankeauctions.com पर ईमेल लिख सकते हैं। आप नीलामी एजेंसी से भी संपर्क कर सकते हैं. दूरभाष: +91-124-4302020 फैक्स: +91-124-4302010 www.c1india.com।किसी भी प्रश्न के मामले में बोलीदाता उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

संशोधित सरफेसी अधिनियम, 2002 के अनुसार नियम 9(1) के तहत बाद की बिक्री के लिए वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना।
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी। गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।
ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री नोटिस जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होता है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 07.03.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड )

# भीषण जाम लगने से लोग हलकान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के धीमानपुरा में भीषण जाम लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। फाटक खुलने के घंटों बाद भी वाहन चाल. कों को जाम से निजात नही मिल सकी। बाद में पहुंची ट्रेफिक पुलिस ने भारी मशक्कत कर जाम खुलवाया है।

गुरूवार दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली से चलकर सहारनपुर जाने वाली मालगाडी शामली से होकर गुजरी। इस दौरान धीमानपुरा फाटक को बंद कराया गया। वही सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर रेलगाडी को भी निकाला गया। जिस कारण काफी देर तक धीमानपुरा फाटक बंद रहा। फाटक बंद रहने से दोनो ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई। जिसके बाद भीषण जाम लग गया।

फाटक खुला तो वाहन चालक पहले निकलने के चक्कर में एक दूसरे के सामने आकर फंस गए। जिस कारण वाहन चालकों को निकलने का रास्ता तक नही मिल सका। घंटो भीषण जाम लगा रहा, लेकिन जाम नही खुल सका। बाद में ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंची और कडी मशक्कत कर जाम खुलवाया गया। जाम लगने से शहर के धीमानपुरा, भिक्की मोड, शिव चौक, टंकी रोड, गुरूद्वारा तिराहा, रेलपार आदि स्थानों तक वाहनों की लाईने लगी रही। नागरिकों का कहना है कि दोपहर 12 बजे के समय शहर में चल रही मंडियों से बडे बडे ट्रक निकाले जाते है, जिस कारण जाम लगता है।



शामली। बलवा बाइपास चौराहे पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन। छाया शाह टाइम्स

# सीसी सड़क व नाली निर्माण का चेयरमैन ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने वार्ड संख्या-12 स्थित बलबीरा सब्जी वाले से शिव मन्दिर तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य के औचक निरीक्षण किया। उन्हो कार्य की जांच पडताल की। कार्य ठेकेदार द्वारा मानकों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं इसके बारे में नागरिकों से जानकारी ली। साईट पर उपस्थित मण्डी के गणमान्य दुकानादारों द्वारा चेयरमैन अरविन्द संगल के समक्ष मांग की गई कि गर्मिया आ चुकी है और मण्डी में शामली व पूरे जनपद से दुकानदार सामान खरीदने के लिए पहुंचते है और मण्डी स्थित शिव मंदिर पर ठंडे पानी की प्याऊ लगी है जो कि खराब है। उसको सही कराए जाने एवं मन्दिर के पास लगे खराब हैण्डपम्प को भी सही कराने तथा मंदिर के पास पानी भरा रहता है। वहां पर नाली का निर्माण कराए जाने की मांग रखी गई। दुकानदारों के आग्रह पर चेयरमैन द्वारा इस कार्य को शीघ्र कराए जाने का आवश्वासन दिया तथा सम्बन्धित ठेकेदार को साईट पर ही उक्त कार्य को जनहितार्थ शीघ्र करने के आदेश दिए गए। इस अवसर पर सभासद वार्ड-12 आशीष गुप्ता उर्फ मोनू, सतेन्द्र जैन, अमित बुटराडा, संजय गोयल, मोहन लाल, मनोज गुप्ता ठेकेदार, कमल सैनी, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।



## रोजगार मेला आज

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि आज 7 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई, बिजनौर में उत्तराखंड की हीरो मोटर कॉर्प द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसी भी आईटीआई से वर्ष 2022, 2023 अथवा 2024 में किसी भी टेक्निकल ट्रेड से आईटीआई कर चुकी केवल महिला अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ सम्मिलित हो सकती हैं। कंपनी में चयनित महिलाओं को रुपए 23,626 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई, बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा से उनके मोबा. इल नंबर 9897638638 पर की जा सकती है।

# बलवा बाइपास चौराहे पर हादसों का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा बाईपास चौराहों पर हादसो का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार सवेरे तेज रफ्तार से आ रही दो कारो में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

जिसके बाद एक कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़कर पलट गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने कार सवार घायल महिला-पुरुषों को बामुश्किल कार से बाहर निक. ाला और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार को दिल्ली निवासी महिला तृप्ति जैन, आदित्य जैन व विभाग जैन कार में सवार होकर अपने ड्राइवर गोविन्दा के साथ दिल्ली से सहारनपुर जा रहे थे। ही दूसरी और हरियाणा के रोहतक निवासी नवीन भी कार में सवार होकर अपने मित्र व अपनी मां के साथ रोहतक से हरिद्वार के जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उक्त दोनों कार शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर पहुंची तो दोनों कारों की रफ्तार अत्यधिक तेज होने के कारण जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत इतनी जबरदस्ती थी कि एक कार तो फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़ते हुए पलट गई। जहां हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और वहां से गुजर रहे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल महिलाओं व पुरुषों को कारों से बाहर निकाल और मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया और घायलों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। हादसे में चालक गोविन्दा की हालत गंभीर बताई गई है, अन्य को छुटटी दे दी गई।

## कलेक्ट्रेट में ई-लाटरी प्रक्रिया संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला आबकारी अधिकारी शामली ने अवगत कराया कि कलेक्ट्रेट सभागार शामली में आज नोडल अधिकारी संजय कुमार, महानिद. ेशक, सार्वजनिक उद्यम, एवं जिला स्तरीय समिति के समक्ष वर्ष 2025-26 हेतु ई-लाटरी प्रकिया सम्पन्न हुई। जिसमें देशी शराब की कुल 81 दुकानों पर 870 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 867 आवेदन अर्ह पाए गए तथा 03 आवेदन अनर्ह पाए गए, उन्हें ई-लाटरी प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया गया। कम्पोजिट शॉप्स की कुल 56 दुकानों के लिए 492 आवेदन प्राप्त हुए, सभी अर्ह पाए गए। मॉडल शॉप्स की कुल 06 दुकानों के लिए 60 आवेदन प्राप्त हुए। सभी अर्ह पाए गए इसी प्रकार भांग की कुल 09 दुकानों के लिए 139 आवेदन प्राप्त हुए, सभी अर्ह पाए गए। देशी शराब, कम्पोजिट शॉप्स, मॉडल शॉप्स व भांग की कुल 152 फुटकर दुकानों के लिए कुल 1561 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 03 आवेदन निरस्त किए गए। जनपद शामली की प्रथम चरण की ई-लाटरी में समस्त 152 दुकानें व्यवस्थित हो गई है। इस प्रकार जनपद में आबकारी की कोई भी दुकान व्यवस्थापन हेतु अवशेष नहीं है। अन्त में कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित आवे. दकों को नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# किराना व्यापारी की दुकान से हजारों की बीड़ी चोरी

**बाइक पर सवार दो चोर चोरी की घटना अंजाम देते सीसीटीवी में कैद**
**जलालाबाद में बीड़ी चोरी की लगातार तीसरी बड़ी घटना को अंजाम दिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे के किराना व्यापारी की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा हजारो रूपये मूल्य की बीडी से भरा कटटा चुरा लिया। घटना दुकान मे लगे सी सी टीवी मे कैद हो गई जिसके आधार पर पुलिस चोरो की तलाश मे जुटी है । एक ही तरह से चोरी की यह तीसरी घटना है । लगातार चोरी की घटनाओ से किरयाना व्यापारी बेहद परेशान है।

जलालाबाद के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित श्याम किरयाना स्टोर से बाईक सवार दो चोरो द्वारा बडी सफाई से दुकान के बाहर रखा बीडी से भरा कटटा चुरा लिया। जिसकी कीमत 36 हजार रूपये बताई जा रही है। व बाईक पर रखकर फरार हो गया घटना के वक्त व्यापारी श्याम कुमार केवल एक मिनट के लिए पानी लेने गया था घटना की जानकारी उस समय लगी जब वह ग्राहक को बीडी का बण्डल देने के लिए कटटे को देखने लगा । कटटा गायब देख व्यापारी के होश उड गए उसने तुरन्त ही दुकान मे लगे सी सी टी वी कैमरे देखे तो दो बाईक सवार चोर कटटा उठाकर बाईक पर सहारनपुर की और ले जाते साफ दिखाई दिए ।घटना की सूचना व्यापारी द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी पर दी जिसके बाद चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय द्वारा सी सी टीवी के आधार पर चोरो की तलाश शुरू कर दी है । चोरो की तलाश मे पुलिस द्वारा पूरे मार्ग पर लगे सी सी टी वी खंगालने मे लगी है। दो माह के भीतर किराना व्यापारियो के यहां बी डी से जुडी तीसरी घटना है जो एक ही दिन हुई है जिस दिन शामली के व्यापारी कस्बे मे बी डी की सप्लाई करते है। जिसके चलते पुलिस इसे मात्र संयोग या प्रयोग के आधार पर जांच कर रही है। लगातार तीन वारदातो के बाद व्यापारी बेहद परेशान है । व्यापारी नेताओक माजिद मलिक, आदेश कुमार, राहुल आदि ने चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय से मिलकर घटना के खुलासे की मांग की है।

# सड़क पर फैली गंदगी के बीच निकली सर्व शिक्षा अभियान की रैली

### हसनपुर लुहारी बस स्टैंड पर फैली गंदगी और जलभराव के कारण बच्चों का निकलना हुआ मुश्किल, स्वच्छता अभियान की पोल खुली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** गांव हसनपुर लुहारी में गुरुवार को आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चो ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत गांव की गलियो से रैली निकाली। रैली गांव के बस स्टैंड पर फैली गंदगी के कारण बमुश्किल निकली। ग्राम पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था मे लापरवाही साफ नजर आई । स्कूल के बच्चे गंदगी से होकर निकलने पर ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है। ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल खडे किए जा रहे है।

गांव हसनपुर लुहारी में बस स्टैंड निकट दोनो नालों की सफाई समय पर ना होने से नल ओवरफ्लो हो गए हैं जिस कारण यहां जलभराव व गंदगी फैली हुई है। इस मार्ग से ग्रामीणों व बच्चो को निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा आठ सफाई कर्मी लगाने के बाद भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा कराई जा रही सफाई की लापरवाही उस समय सामने नजर आई जब गुरुवार को स्कूल के बच्चो द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत रैली गांव में को निकाली जा रही थी। रैली जब बस स्टैंड पर पहुंची तो गंदगी व जलभराव से बच्चो को निकलना मुश्किल हो गया। कई बच्चों के गंदगी में गिरने के कारण कपड़े खराब हो गए। बडी मुश्किल से बच्चो ने यहा से रैली निकाली। यह सब देख ग्रामीणों ने भी ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल खडे किए। ग्रामीणों अमित, सुमित, राहुल, विकास ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा हर महीने सफाई के नाम पर लाखो रूपए ग्राम पंचायत निधि से निकाले जा रहे हैं। जबकि गांव मे हर तरफ गंदगी के ढेर नजर आते हैं। बस स्टैंड के निकट नाले की सफाई न होने के कारण यहां हर समय गंदगी फैली रहती है। वही ग्राम पंचायत द्वारा सरकार के स्वच्छता अभियान को भी पलीता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है।



जलालाबाद। जलभराव के बीच जाती सरकारी स्कूल की छात्राएं। छाया शाह टाइम्स

# गढ़ी हसनपुर में कार की टक्कर से पांच वर्षीय बालक की मौत, घर में कोहराम

**चौसाना।** गढी हसनपुर के थानाभवन मार्ग पर खेल रहे पॉच वर्षीय बालक कार की टक्कर से घायल हो गया। कार सवारों ने बालक को गम्भीर हालात मे चौसाना के स्थानीय अस्पताल मे भर्ती कराया और मौके से फरार हो गए। उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार मे कोहराम मचा है। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव गढी हसनपुर निवासी पॉच वर्षीय बालक इब्राहिम पुत्र नवीद सडक पर खेल रहा था। उसी दौरान थानाभवन की ओर से आ रही कार ने सडक पर खेल रहे युवक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। कार सवारो ने बालक को चौसाना के एक अस्पताल मे भर्ती कराया। आरोप है कि कार सवार मोके से फरार हो गएं। उपचार के दोरान बालक ने दम तोड दिया। बालक की मौत की खबर से घर मे कोहराम मच गया। पीडित परिवार ने बालक के शव का पोस्टमार्टम नही कराया। वही पुलिस आरोपी कार सवार की तलाश मे जुटी है।

## सभासद ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के सभासद एवं जिला योजना समिति बिजनौर के सदस्य सरफराज अहमद ने अपने वार्ड का भ्रमण कर अपने वार्ड में हो रहे सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित ठेकेदार से उपरोक्त ठेकेदार से उपरोक्त सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री लगाए जाने के लिए कहा। श्री अहमद ने कहा कि वह अपने वार्ड में जरूरत के मुताबिक निर्माण कार्य करा रहे है। जरूरत के सभी निर्माण कार्य करा रहे है। जरूरत के सभी निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य कराये जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# पालिका के सुंदर लैम्पों का शुभारंभ

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति देते हुए चेयरमैन फैसल वारसी के द्वारा नगर के सभी मुख्य चौराहे एवं सभी धार्मिक स्थान पर लगे सुंदर लैंम्पों का चौधरी फहीमुर्रहमान ने बटन दबाकर उद्घाटन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को नगर पालिका चेयरमेन फैसल वारसी के निवास के पास मिनी पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के मुख्य चौराहे एवं धार्मिक स्थान के गेटों पर लगे नगर पालिका द्वारा सुंदर लैम्पों का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ज्यादा जानक. ारी देते हुए नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने संबोधित किया।

# विवादित मकान का ताला तोड़कर अपना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक दशक से भी अधिक समय से बंद पड़े एक खंडहरनुमा विवादित मकान का ताला तोड़े जाने की शिकायत पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। सलीम पुत्र अब्दुल गनी निवासी मौहल्ला मिर्दगान बुढ़ाना हाल निवासी दिल्ली ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा उत्तरी मिर्दगान वार्ड नंबर 16 में एक पैतृक मकान लगभग 90 वर्ग मीटर में बना हुआ है। अब वह लम्बे समय से दिल्ली में ही रह रहा है। उसको बीती 05 मार्च को पता चला कि ताहिर, मौहम्मद शाहिद, मौहम्मद राशिद और पप्पू पुत्रगण रफीक निवासीगण कस्बा बुढाना ने उसके पैतृक मकान का ताला तोडकर अपना ताला डाल दिया है। श्त्रजिसका उसे कोई कानूनी अधिकार नही है। उसने आज बृहस्पतिवार को आकर देखा तो ताहिर आदि के द्वारा अपने ताले उसके मकान पर डाले हुये हैं। इससे पूर्व भी उसकी गैर हाजिरी में ताहिर, मौहम्मद शाहिद और मौहम्मद राशिद ने अपने भाई पप्पू के नाम उक्त मकान का हिब्बैनामा जालसाजी करके करा दिया था और उसके साथ पूर्व में भी उक्त सभी लोग मारपीट कर चुके हैं। जिस सम्बन्ध में एक मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां पर विचाराधीन है। आरोपी दंबग झगडालू और राजनैतिक किस्म के व्यक्ति हैं। यह लोग उसको पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उसको अपनी जान माल का अब भी उक्त लोगों से खतरा बना है। यह प्रकरण कई रोज से चल रहा है और स्थानीय पुलिस के संज्ञान में भी यह मामला है लेकिन अभी भी पीड़ित आरोप लगा रहे हैं।

# कृषि, कला और संस्कृति का मनाया जाएगा उत्सवः डीएम



**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि कृषि प्रधान जनपद में पहली बार यह भव्य शामली महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जो कला, संस्कृति और विविधता का उत्सव होगा जिसकी सभी तैयारियां हो गई है पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की डड्ढूटी लगा दी गई है। यह चार दिवसीय महोत्सव 7 मार्च से 10 मार्च 2025 तक वीवी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, शामली में आयोजित होगा।

इस महोत्सव में प्रसिद्ध कलाक. ारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा, खाना खजाना में शामली और अन्य स्थानों के स्वादिष्ठ व्यंजन उपलब्ध होंगे, जबकि शॉपिंग स्टॉल्स पर विविध प्रकार की वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी इसके साथ ही बच्चों के खेलने की व्यवस्था भी रहेगी। इस प्रकार है शामली महोत्सव की रूपरेखा दिनांक 07 मार्च को प्रातः 6:00 से 6:30 अतिथि सभा, 6:30 से 7 तक अतिथियों का स्वागत, 7 से 9:30 बजे तक शामली, 9:30 से 10 तक जलपान, शामली स्वास्थ्य मार्च-एक अनूठी प्लॉगिंग पहल महोत्सव की शुरुआत शामली स्वास्थ्य मार्च से होगी, जिसमें प्लॉगथॉन (दौड़ते हुए कचरा उठाने की गतिविधि) का आयोजन किया जाएगा। यह प्लॉगथॉन वीवी पीजी कॉलेज के प्रांगण से आरंभ होकर एक निर्धारित मार्ग पर आयोजित किया जाएगा। सांय 5 बजे से 5:45 बजे तक शामली महोत्सव का उद्घाटन, 5:45 से 6:00 बजे तक विद्यालय के छात्रों द्वारा गणेश वंदना, 6:00 से 7:00 बजे तक कलाकार सचिन नामदेव द्वारा प्रदर्शन, 7:00 बजे से 7:45 तक होगा, अन्य कार्यक्रमों का भी समय निर्धारण किया गया है।

## नए बढ़े टैक्स को न लगाने की मांग

**चांदपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी चांदपुर यूनिट ने अधिशासी अधिकारी के नाम लिखे पत्र में नई टैक्स नीति को न लागू करने तथा पुरानी टैक्स नीतिनुसार ही जनता से कर वसूली करने की अपील की है। कामरेड बदरूल इस्लाम ने कहा कि नई टैक्स नीति आमजन के लिये बेतहाशा अधिक है जो कि गरीब व आम आदमी के लिये न देने योग्य होगी और अकारण ही गरीब व आम आदमी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अनावश्यक बोझ से गरीब टैक्स अदा न कर पायेगा। भाकपा के नेता कामरेड ए.एस. सैनी ने कहा कि यदि पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी नगर पालिका का घेराव करेगी और आन्दोलनात्मक कदम उठाने से नहीं चूकेगी। उधर पत्र में कामरेड बदरूल इस्लाम ने कहा कि टैक्स नीति गरीब ही नहीं बल्कि हर आम आदमी के लिये बहुत अधिक है, इसे न लगाया जाये। उन्होंने नई टैक्स नीति को फिलहाल न लागू करने की मांग की है।

# भारत-न्यूजीलैंड 25 साल बाद होंगे आमने-सामने

**● चैंपियंस ट्रॉफीः एक बार फिर दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के लिए खिताबी जंग लड़ेंगी**

**दुबई, वार्ता।** आलीशान इमारतों के शहर दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नाकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांग.ुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में स्टीफन फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए क्रिस कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी। इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था। इस मैच में वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला ही मैच खेलते हुए वरुण ने पांच विकेट झटके थे।






# शमी का लार के नियम पर दोबारा विचार करने का आग्रह

कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, दो नई गेंद नियम के आने से बिगड़ी स्थिति

दुबई, वार्ता। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है। इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा। शमी ने कहा, हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

## रोजा न रख कर शमी ने किया बड़ा गुनाहः बरेलवी

**बरेली, वार्ता।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष और इस्लामिक रिसर्च सेंटर के संस्थापक और ऑल इंडिया तंजीम उलमा ए इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रज़्वी बरेलवी ने कहा है कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने रमजान के मौके पर रोजा न रखकर बड़ा गुनाह किया है और वह शरीय कठघरे में खड़े हैं। शमी इन दिनो दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने क्रिकेटर के रोजा न रखने पर एक वीडियो जारी कर कहा कि इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है।

# मुशफिकुर ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**● जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा, पूरी लगन और ईमानदारी से अपना शत-प्रतिशत से अधिक दियाः रहीम**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने बुधवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। खराब फॉर्म में जूझ रहे मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर अपने संन्यास की जानकारी दी। वह वर्ष 2022 में टी-20 से संन्यास ले चुके है।

मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मैं आज एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। सभी चीजों के लिए अलहमदुलिल्लाह। विश्व स्तर पर मेरी उपलब्धि सीमित रही। जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा तो मैंने पूरी लगन और इमानदारी से अपना शतप्रतिशत से अधिक दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहे और मैंने महसूस किया कि यही मेरी किस्मत है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को धन्यवाद करता हूं जिनके लिए मैं पिछले 19 साल तक क्रिकेट खेला। मुशफिकुर चैंपियंस ट्रॉफी में भी संघर्ष करते हुए देखे गए। वह भारत के खिलाफ शून्य और न्यूजीलैंड के खिलाफ मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी एकदिवसीय अर्द्धशतक पिछले वर्ष मार्च में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। इसके बाद वह चोटिल होने की वजह से नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ दो एकदिवसीय और नवंबर, दिसंबर में वेस्टइंडीज के दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। मुशफिकुर ने बांग्लादेश के लिए 250 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह बांग्लादेश में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### खेल विशेष

## एसआरएच ने चोटिल कार्स की जगह मुल्डर को टीम में किया शामिल

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्ध्डर को टीम में जगह दी है। एसआरएच ने बतांया कि इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स चोट के कारण आईपीएल के इस सत्र नहीं खेल पाएंगे। टीम प्रबंधन ने उनकी जगह मुल्डर को 75 लाख रुपये में खरीदा है। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 11 टी-20, 25 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 60 विकेट लिए हैं और 970 रन बनाए हैं। एसस20 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 32 मैचों में 26-21 की औसत और 136-11 के स्ट्राइक रेट से 603 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्द्धशतक भी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नौ विकेट भी लिए।

## फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की घोषणा के अनुसार नॉक-आउट प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 13 क्लब और आई-लीग के तीन क्लब शामिल होंगे। सुपर कप का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में आईएसएल टीमों का दबदबा रहा है। वर्ष 2018 में बेंगलुरू एफसी ने इसका खिताब जीता। उसके बाद वर्ष 2019 में एफसी गोवा ने फाइनल में चेन्नईयिन एफसी को हराया। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2020 और 2022 के बीच आयोजित नहीं किया गया था।

# आईपीएल में धोनी की सलाह मद्दगार साबित हुईः राहुल त्रिपाठी



**■ धोनी के साथ समय बिताना मेरे लिए सौभाग्य की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने कहा है कि वर्ष 2017 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पर्दापण करने पर कैप्टन कूल महेन्द्र सिंह धोनी की सलाह उसके लिए मददगार साबित हुई थी।

हाल ही में गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में राहुल त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने लीग के दसवें सत्र के दौरान आईपीएल में पदार्पण किया। उस समय वह माही के साथ राइलजग पुणे सुपरजायंट्स टीम का हिस्सा थे। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले, पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने त्रिपाठी की घबराहट को शांत करने में मदद की थी। उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने का प्रयास न करूं और मैं प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, वैसा ही खेलने को कहा। इस सलाह से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। माही की सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राहुल ने 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय मैच में पर्दापण किया। राहुल ने उस पल को याद करते हुए कहा जब उन्हें अपनी पहली टी-20 कैप मिली थी। अपनी कड़ी मेहनत और धैर्य के अलावा, राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर धोनी और भारतीय टीम के बल्लेबाजों को जाता है।

# शकील टाइम आउट होने वाले सातवें बल्लेबाज

लाहौर, वार्ता। पाकिस्तान के सउद शकील प्रथम श्रेणी क्रिकेट में निर्धारित समय में क्रीज पर नहीं पहुंचने पर टाइम आउट करार दिये गए। वह टाइम आउट होने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज है। पाकिस्तान के प्रथम श्रेणी घरेलू टूर्नामेंट प्रेसीडेंट ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से खेल रहे शकील दो गेंद पर दो विकेट गिरने के बाद तैयार नहीं होने के कारण निर्धारित समय के भीतर क्रीज पर नहीं पहुंचे। विपक्षी पीटीवी टीम के कप्तान अमाद बट ने निर्धारित तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने पर आउट की अपील कर दी।

अंपायरों ने तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने के कारण शकील को टाइम आउट करार दिया। टाइम आउट का वाक्या वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्वकप में उस समय सामने आया था जब एंजेलो मैथ्यूज को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के द्वारा अपील की गई और आउट करार दिया गया था वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह आउट करार दिये गए पहले बल्लेबाज थे। प्रथम श्रेणी मुकाबले में मोहम्मद शहजाद ने उमर अमीन और फवाद आलम को लगातार दो गेंद में आउट कर दिया था और उनकी हैट्रिक होने वाली थी। शकील के इस तरह आउट होने के बाद इरफान खान बल्लेबाजी करने आए और वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए जिससे शहजाद ने हैट्रिक पूरी की।

# स्पिनरों के खिलाफ रन उगल रहा विराट कोहली का बल्ला



**● कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है**

**दुबई, वार्ता।** गत वर्ष बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फार्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी के दौरान विराट एक बार फिर नई ऊंचाइयां छूने को आतुर दिख रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने 98 गेंद में सिर्फ पांच चौके लगाते हुए एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ा, जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। हालांकि, यह चमत्कार रातोंरात नहीं हुआ है। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत छुपी है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को बखूबी खेला लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा अलग लीग के गेंदबाज हैं। दुबई की धीमी पिच पर दूसरी पारी में गेंदबाजी से जैम्पा को और मदद मिली। पहली बार दोनों का सामना 2017 में हुआ था जब जैम्पा ने सफेद गेंद के प्रारूप में कोहली को पांच बार आउट किया। इसके बाद से कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज लेग स्पिनर को जवाबी हमले से रोका है। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले उनके खिलाफ 107 की स्ट्राइक रेट से वह 245 गेंद में 264 रन बना चुके थे। सेमीफाइनल में कोहली ने जैम्पा की 24 गेंद में 23 रन बनाए। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह शानदार तो नहीं लेकिन प्रभावी प्रदर्शन रहा। उन्हें जैम्पा ने ही आउट किया लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम इस चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार खेलने उतरेगी।

# पाक पत्रकार पर बरसे बीसीसीआई उपाध्यक्ष

**■ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है, सवाल नागवार गुजरा, एक ही स्थल पर खेलने के फायदे को किया खारिज**

**लाहौर, वार्ता।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तानी पत्रकार के उस सवाल पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने उससे पूछा कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है। इस आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारत ने इसके लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला किया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा हो रहा है। राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। राजीव ने कहा कि भारत पिच नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर निर्भर रहती है। राजीव शुक्ला ने कहा, जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे इसलिए यह निष्पक्ष या अनुचित का सवाल नहीं है। भारतीय टीम पिचों पर निर्भर नहीं करती है, यहां तक कि दुबई में भी अलग-अलग तरह की पिचें हैं। टीम अपने प्रदर्शन के आधार पर खेलती है, खिलाड़ी अपनी ताकत के आधार पर खेलते हैं और पिचों पर निर्भर नहीं होते हैं। राजीव शुक्ला ने इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज की संभावनाओं के बारे में भी पूछा गया। इसे लेकर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। वहीं, द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। उन्होंने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारतीय सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे।

# गोल्फ टूर्नामेंट हीरों इंडियन ओपन का शुभारंभ 27 मार्च से

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत का बहुप्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन 2025 आगामी 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेला जायेगा। गुरुवार को यहां आयोजित एक समारोह में भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सह-स्वीकृत हीरो इंडियन ओपन टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा की गई। टूर्नामेंट में जैक्स जोहान्स, जूलियन ग्यूरियर, एंजेले, फ्रेडरिक , डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे नामी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने वाले भारतीय गोल्फरों को डीपी वर्ल्ड टूर पर अगले वर्ष के लिए पूर्ण कार्ड प्राप्त करने का अवसर मिलता है। समारोह में टूर्नामेंट के लिए 22-5 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि घोषणा की गई है। जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा इस टूर्नामेंट में नेतृत्व करेंगे। नाकाजिमा के साथ एक और पिछले विजेता जर्मनी के मार्सेल भी होंगे। इस अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष संजय ने कहा कि हीरो इंडियन ओपन सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है यह भारतीय गोल्फ के विकास और वैश्विक मंच पर इसकी बढ़ती प्रमुखता का प्रमाण है। हीरो इंडियन ओपन 2025 की घोषणा के साथ हमें भारत के राष्ट्रीय ओपन के साथ अपनी दो दशक लंबी साझेदारी का विस्तार करने पर गर्व है। यह टूर्नामेंट यहां की गोल्फ विरासत की आधारशिला है। हीरो मोटोकॉर्प भारत और वैश्विक स्तर पर खेलों को समर्थन देने और उन्हें आगे ले जाने में अपनी विरासत को बढ़ाने के लिए समर्पित है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

## चीन की प्रतिक्रिया

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी योजना के अनुसार उन देशों पर भारी टैरिफ लगाना शुरू कर दिया, जिनके विषय में वह पहले से ही कहते रहे हैं। उनकी योजना दो अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस समय उनके निशाने पर मैक्सिको, कनाडा, भारत, चीन मुख्य रूप से हैं। हालांकि उनकी योजना उन सभी देशों के लिए है, जो अमेरिका के उत्पादों पर टैरिफ लगाते रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि वह टैरिफ के मामले में किसी पर भी रियायत नहीं करेंगे और जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देंगे। जहां तक बात मैक्सिको व कनाडा की है, उन पर तो टैरिफ लगाने की बात समझ में आती है लेकिन भारत जैसा मित्र देश जो अमेरिकी उत्पादों को लेकर इस समय काफी नर्मी दिखाता रहा है और अभी तक उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है उससे भी पता चलता है कि भारत अमेरिका के साथ किसी तरह का व्यापारिक टकराव नहीं चाहता, जबकि मैक्सिको, कनाडा और चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में चुनौती देनी शुरू कर दी है और बदले में यह देश भी अमेरिका के उत्पादों पर शुल्क लगा रहे हैं। अब यह लड़ाई कहां तक जाएगी या व्यापार तक ही सीमित रहेगी या व्यापार से आगे भी निकल सकती है, क्योंकि जैसी कठोर प्रतिक्रिया इस समय चीन की तरफ से देखने को मिली है, वह दुनिया के लिए ठीक नहीं है। चीन ने यहां तक कह दिया है कि वह अमेरिका के साथ युद्ध में हर हद तक जाएगा। चाहे व्यापारिक युद्ध हो चाहे अन्य कोई और, वह पूरे दम-खम के साथ अमेरिका से लड़ेगा। जिस तरह चीन ने अपना एकाएक 7.2 प्रतिशत अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, वह भी चौंकाने वाला है। इस समय कुल बजट की बात करें, तो चालू वर्ष में जहां अमेरिका का रक्षा बजट 890 अरब डॉलर है, तो वहीं चीन का 249 अरब डॉलर है यानि अमेरिका के बाद केवल दुनिया में चीन ही है, जो रक्षा बजट के मामले में दूसरा नंबर रखता है। जहां तक बात भारत की है, भारत का रक्षा बजट चीन से भी काफी कम है। जोकि 78.8 अरब डॉलर है। मतलब साफ है कि चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाकर अमेरिका को सीधे चुनौती तो नहीं लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती पेश कर रहा है कि वह उसे हल्के में न ले। इस टैरिफ वॉर में कौन घाटे में जाएगा और किसको लाभ होगा, यह तो उस समय पता चलेगा, जब इस संबंध में आंकड़े सामने आएंगे और ये आंकड़े आने में अभी काफी लंबा समय लगेगा। अभी तो केवल शुरुआतभर ही है इसलिए अभी जल्दबाजी में कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे ट्रम्प जिस तरह फैसले ले रहे हैं, उसने विश्व को जरूर एक नई पैचीदा स्थिति में डाल दिया है। सबसे बड़ी यह मुश्किल पैदा कर रही है वह उनके फैसले लेने का स्वभाव है। अब देखना है कि दुनिया पर उनके फैसलो का क्या प्रभाव पड़ता है।

## मोदी ने गंगा सफाई की गारंटी को भुलाया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगा योजना शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ, उससे गंगा साफ नहीं हुई, मोदी जी ने कहा था कि उनको मां गंगा ने बुलाया है, पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को भुलाया है, करीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी, योजना में मार्च 2026 तक 42,500 करोड़ रुपये की राशि इस्तेमाल की जानी थी, पर संसद में गंगा से संबंधित सवालों के जवाब से पता चलता है कि दिसम्बर 2024 तक केवल 19,271 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यानी मोदी सरकार ने नमामि गंगे योजना के लिए आवंटित 55 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सलाह: होली के दौरान बालों तथा त्वचा की देखभाल जरूरी



**शहनाज हुसैन**

> **'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने वाले अल्हड़ युवक-युवतियों की टोलियों पिचकारी, गुब्बारों, डाई व गुलाल में बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उसमें हानिकारक रासायन मिले होते हैं**

होली का त्यौहार खुशियों ,मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है / लेकिन रंगों के इस त्यौहार को हम सब लोग उत्साह से मनाने के साथ ही रंग खेलने के साथ ही रंग छुड़ाने, त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर भी टेंशन में रहते हैं क्यों कि 'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फ़ेंकने बाले अल्हड़ युवक युवतियों की टोलियां पिचकारी, गुव्वारों, डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है, बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है / आज के युग में बाजार में बिकने बाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र ही होते हैं / लेकिन ऐसे में आप घर पर छुप कर कतई न बैठें /अगर आप कॉलोनी के पार्क में खुशनुमा माहौल में दिल खोल कर होली खेलना चाहते हैं तो जमकर रंग खेलने के बाद चुटकियों में रंग छुड़ाने के तरीके बता रही हैं सौंदर्य शहनाज़ हुसैन होली का त्यौहार ज्यादातर खुले आसमान में खेला जाता है जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरित प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकारक यू.वी. किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव बन जाती है। होली के पावन त्यौहार में अपनी त्वचा की रक्षा के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फन्सियां आदि है तो 20 एस.पी.एफ. से ज्यादा दर्ज की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क हैं तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें।

इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सुखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध हो जाती है। थोड़ी से हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप विशुद्ध नारियल तेल की बालों पर मालिश भी कर सकते है। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। होली के रंगों से नाखूनों को बचानें के लिए नाखूनों पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए। होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमें रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ निर्मल जल से धोएं तथा इसके बाद कलीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले काटन वूल से धो डाले। आंखों के इर्द गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमें रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठंडे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। काटन वूल पैड को इस मिश्रण में डूबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाऐं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाऐंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी। तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वाश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते है तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डाक्टर से आवश्यक सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए। बालों को साफ करने के लिए बालों में फंसे सुखे रंगों तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार-बार सादे ताजे पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए। बालों की अंतिम धुलाई के लिए बियर को अन्तिम हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बीयर में नीबूं का जूस मिलाकर शैम्पू के बाद सिर पर उडेल लें। इसे कुछ मिनट बालों पर लगा रहने के बाद साफ पानी से धो डालें। होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी सी हल्दी में मिलाए तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी। होली के अगले दिनों के दौरान अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराईए इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजे पानी से धो डालिए।

**( लेखिका-अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय है )**



# एआई: एक रक्त परीक्षण से कई बीमारियों का निदान...

> **वर्तमान में आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है जिससे निदान में देरी हो सकती है लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है, इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है**

कल्पना कीजिए कि सिर्फ एक रक्त परीक्षण से कोविड-19, एचआईवी, मधुमेह और आत्म-प्रतिरक्षा सम्बंधी बीमारियों की जांच हो जाती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर एक साथ कई बीमारियों का पता लगा सकता है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में लगभग 600 लोगों पर इस एआई टूल का परीक्षण किया गया। पता चला कि यह टूल सटीक रूप से पहचान सकता है कि व्यक्ति स्वस्थ है, वायरल संक्रमण से जूझ रहा है या आत्म-प्रतिरक्षा रोग से ग्रसित है। इतना ही नहीं, इससे यह भी पता चल सकता है कि व्यक्ति ने हाल ही में फ्लू का टीका लिया है या नहीं, जो इसकी अतीत और वर्तमान प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझने की क्षमता को दर्शाता है।

वास्तव में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली एक मेमोरी बैंक की तरह काम करती है जो हर संक्रमण, टीकाकरण और बीमारी का रिकॉर्ड रखती है। इसमें दो मुख्य घटक होते हैं। 'बी' कोशिकाएं जो हानिकारक वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती हैं और 'टी' को. शिकाएं जो संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करती हैं या अन्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करती हैं। जब किसी व्यक्ति को कोई संक्रमण या आत्म-प्रतिरक्षा रोग होता है तो 'बी' और 'टी' कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है और वे अपनी सतह पर विशेष ग्राही बनाती हैं, जो संक्रमण की पहचान और प्रतिक्रिया में मदद करते हैं।

वैज्ञानिकों ने इन ग्राहियों को बनाने वाले जीन्स का अनुक्रमण किया ताकि बीमारियों का एक विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। इसके बाद, एआई टूल ने इन जीन अनुक्रमों का विश्लेषण करने के लिए छह मशीन-लर्निंग मॉडल का उपयोग किया और अलग-अलग बीमारियों से जुड़े पैटर्न की पहचान की। वर्तमान में, आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है, जिससे निदान में देरी हो सकती है। लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है। इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है। यह एआई टूल प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधियों को पढ़कर उन छिपी हुई बीमा. रियों को भी पकड़ सकता है, जिन्हें पारंपरिक जांचें नहीं ढूंढ पातीं। इसके साथ ही, यदि डॉक्टर किसी व्यक्ति के प्रतिरक्षा इतिहास को समझ पाएं, तो वे व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना सकते हैं और गंभीर लक्षण प्रकट होने से पहले ही बीमारी पकड़ सकते हैं। यह टूल बहुत सशक्त है क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली अपने आप में एक नैसर्गिक निदान है। यदि हम इसे पूरी तरह समझ लें तो यह बहुत मददगार होगी। लेकिन अभी इस टूल को विविध और बड़े पैमाने पर परखने की ज़रूरत है ताकि यह सटीक और बेहतर हो सके।




**स्रोत फीसर्च**

# 'छावा' की रिलीज के बाद औरंगजेब को लेकर गहराता विवाद!



**अशोक भाटिया**

> **सपा के विधायक ने कहा: छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी**

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है।

दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था- तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34 प्रतिशत हिंदू उसके साथ नहीं होते, और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो। कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की :कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकर यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का, है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है, और आगे बताया कि जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने एफआईआर दर्ज की है, यह एफआईआर आईपीसी की धारा 153(ए) और 34 के तहत दर्ज किया है, एफआईआर दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाके से गिरफ्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहां विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 'कोल्हापुर बंद' का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी।

**( ये लेखक के अपने विचार है, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक व टिप्पणीकार )**

एवं टिप्पणीकार




# बालों के झड़ने को कहें अलविदा, ये जादुई तेल बालों को बनाएगा मजबूत और लंबा

आजकल बढ़ते प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाल, खानपान और तनाव की वजह से लोग कई समस्याओं का सामना करते हैं। तो इन्हीं के कारण बाल झड़ने और हेयर ग्रोथ की समस्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए लोग बालों की केयर के लिए तरह-तरह के हेयर ट्रीटमेंट्स और कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जो बालों को अधिक खराब कर देते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खों का सहारा लेकर हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इससे आपके बाल नेचुरल तरीके से लंबे और घने दिखेंगे। अगर आप भी बालों के झड़ने के साथ हेयर ग्रोथ रुक जाने की समस्या से परेशान हैं, तो आज हम आपको एक होममेड तेल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हेयर ऑयल सामग्री...

- बेरी बेरी लीव्स- 6-7 पत्तियां
- करी पत्ता- 6-7 पत्तियां
- कलौंजी- 1 टेबलस्पून
- काले तिल- 1 टेबलस्पून
- नारियल तेल- 1 बड़ी कटोरी
- विटामिन- ई कैप्सूल- 2
- अरंडी का तेल- 2 टेबलस्पून

### ऐसे बनाएं...

- एक स्टील के बर्तन में नारियल का तेल निकाल लें।
- फिर गैस पर नारियल के तेल को पिघला लें और गैस धीमी रखना है।
- तेल पिघल जाने के बाद उसमें करी पत्ता, काले तिल, बेरी-बेरी लीव्स और
- कलौंजी डालकर अच्छे से पका लें।
- इस तेल को तब तक खौलाएं जब तक यह आधा न रह जाए।
- इस प्रक्रिया में करीब 1 घंटे का समय लग सकता है।
- तब तेल पककर आधा रह जाए, तो इसमें विटामिन ई के कैप्सूल और अरंडी का तेल मिला दें।
- इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और गैस बंद कर दें।
  जब यह ठंडा हो जाए, तो छलनी की मदद से छानकर इसे डिब्बे में स्टोर कर लें।

### कैसे करें इस्तेमाल...

बता दें कि सप्ताह में दो बार आप इस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं बाल धोने से एक दिन पहले अच्छे से इस तेल से सिर की मालिश करें। जिससे कि पूरी रात तेल अच्छे से बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। फिर अगले दिन सुबह उठकर शैंपू से बाल धो डालें।

# टोक्यो में दो जुड़ी हुई बुलेट ट्रेनें अलग हुई, सेवाएं बाधित

## घटना के समय ट्रेन में सवार थे 650 यात्री




**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में एक स्टेशन के पास गुरुवार को दो जुड़ी हुई शिकानसेन बुलेट ट्रेनें अलग हो गईं, जिसके बाद उन्हें आपातकालीन स्थिति में रोका गया, जिससे पूर्वी जापान में बुलेट ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित रही। पूर्वी जापान रेलवे (जेआर ईस्ट) ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तोहोकू शिकानसेन लाइन पर एक हायाबुसा ट्रेन और एक कोमाची ट्रेन स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे उएनो और ओमिया स्टेशनों के बीच अलग हो गईं। उन्हें स्थानीय यात्री लाइन पर निशिनिपोरी स्टेशन के पास जांच के लिए रोका गया। रेलवे संचालक ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नही है। उसने बताया कि घटना के समय ट्रेन में करीब 650 यात्री सवार थे। दस कोच वाली हायाबुसा और सात कोच वाली कोमाची ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे टोक्यो स्टेशन से प्रस्थान किया और बाद में उन्हें अलग होकर अलग-अलग स्थानों तक की यात्रा करनी थी। हायाबुसा को तोहोकू शिकानसेन लाइन पर शिनाओमोरी स्टेशन और कोमाची को अकिता शिकानसेन लाइन पर अकिता तक की यात्रा करनी थी। जेआर ईस्ट ने बताया कि घटना के बाद तोहोकू, अकिता, यामागाटा, होकुरिकु और जोएत्सु शिकानसेन लाइनों पर बुलेट ट्रेन सेवाओं को कुछ खंडों पर निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 2:30 बजे के परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया।

# ईरान ने ब्रिटेन की सुरक्षा को खतरे का दावा किया खारिज

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगेई ने बुधवार को कहा कि ब्रितानी अधिकारियों का यह दावा कि तेहरान ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना चाहता है, पूर्णत: निराधार है। बगेई ने मंगलवार को ब्रिटेन की संसद में संबोधन के दौरान ब्रिटेन के रक्षा मंत्री डैन जार्विस की ईरान विरोधी टिप्पणियों के जवाब में ईरानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह खंडन किया। जार्विस ने कहा कि वह पूरे ईरान को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, खुफिया विदेशी प्रभाव से रक्षा के लिए डिजाइन किए गए आगामी विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना के उन्नत स्तर में रखेंगे।

उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से आग्रह किया कि ब्रिटेन अपनी टकरावपूर्ण नीतियों पर जोर देने और ईरान के विरुद्ध निराधार आरोप लगाने के बजाय ईरानी लोगों के विरुद्ध अपनी गलत नीतियों को त्याग दे तथा आतंकवाद को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना बंद कर दे।

# अमेरिकी टैरिफ का माकूल जवाब देगा ईयू



## फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा: हमें भी तैयार रहना चाहिए
## डब्ल्यूटीओ ने की अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत की पुष्टि

**मॉस्को/वाशिंगटन।** यूरोपीय संघ अमेरिकी टैरिफ के लिए जवाब तैयार कर रहा है, लेकिन अभी भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह कदम उठाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह बात कही।

मैक्रोन ने बीएफएम टीवी द्वारा प्रसारित भाषण में कहा, हमें तैयार रहना चाहिए अगर अमेरिका यूरोपीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाता है, जैसा कि उसने अभी कनाडा और मैक्सिको के साथ किया है। यह निर्णय हमारे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों के लिए अस्पष्ट है और हमारे कुछ उद्योगों पर इसके परिणाम होंगे। हम भी इसका उत्तर दिए बिना नहीं रहेंगे, जबकि हम अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ जवाब तैयार करते हैं, हम अमेरिकी राष्ट्रपति को मनाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखते हैं। ट्रम्प ने फरवरी में कहा कि उनका प्रशासन बहुत जल्द यूरोपीय संघ से आयात पर नए 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करेगा, जिसमें ऑटोमोबाइल भी शामिल हैं। इसी बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को कहा कि उसे अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें विवाद परामर्श का अनुरोध किया गया है। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अमेरिका द्वारा कनाडा में उत्पादित सभी गैर-ऊर्जा वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और ऊर्जा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज करेगा। डब्ल्यूटीओ ने कहा, कनाडा ने कनाडा में उत्पादित वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लागू किए गए नए टैरिफ उपायों के बारे में अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ विवाद परामर्श का अनुरोध किया है। कनाडा ने दावा किया है कि अमेरिकी टैरिफ 1994 के टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते के साथ-साथ व्यापार सुविधा समझौते के विभिन्न प्रावधानों के साथ असंगत हैं। संगठन ने कहा कि शिकायत बुधवार को डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के बीच प्रसारित की गई थी। परामर्श के लिए अनुरोध डब्ल्यूटीओ में औपचारिक विवाद शुरू करने का पहला कदम है। यदि पक्षकार 60 दिनों के भीतर विवाद को हल करने में विफल रहते हैं, तो मुकदमा चलाया जाता है।

### अगले सप्ताह पेरिस में होगी बैठक

**मैक्रों ने कहा कि हालांकि फ्रांस, नाटो और अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी दोनों के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे अपनी रक्षा और सुरक्षा के मामलों में स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने घोषणा की कि वह अगले सप्ताह राजधानी पेरिस में एक बैठक में यूरोपीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे, ताकि स्थाई शांति लाने की योजना पर काम किया जा सके, जिसमें रूस को फिर से आक्रमण करने से रोकने के लिए यूक्रेन में शांति सेना तैनात करना शामिल हो सकता है।**

# परमाणु शस्त्रागार से यूरोपीय सहयोगियों को सुरक्षा देगा फ्रांस

> मैं विश्वास करता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस परमाणु शस्त्रागार का सुरक्षा कवच अपने यूरोपीय सहयोगियों तक बढ़ाने पर विचार करेगा, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यूरोप को इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका कि हमारे साथ खड़ा नही होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैक्रों ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव प्रसारण में कहा, मैंने यूरोपीय महाद्वीप पर अपने सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हमारे प्रतिरोध पर रणनीतिक बहस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने यूरोप द्वारा यूक्रेन की सहायता जारी रखने तथा अपनी रक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मैक्रों ने फ्रांस के परमाणु शस्त्रागार के बारे में कहा, हमारा परमाणु प्रतिरोध हमारी रक्षा करता है, यह पूर्ण, संप्रभु, शुरुआत से अंत तक फ्रांसीसी है। यह हमारे कई पड़ोसियों की तुलना में हमारी बहुत अधिक रक्षा करता है। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हो, निर्णय हमेशा गणराज्य के राष्ट्रपति, सेना के कमांडर के हाथों में रहा है और रहेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यूरोप एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और रूस से खतरे के प्रति दर्शक बने रहना मूर्खता होगी। मैक्रों ने कहा, हमारे सहयोगी अमेरिका ने इस युद्ध पर अपनी स्थिति बदल दी है, यूक्रेन का कम समर्थन कर रहा है और आगे क्या होगा, इस पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद तेज

> मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने करार पर हस्ताक्षर किए

**बेलगावी (कर्नाटक)।** देश के एयरोस्पेस उद्योग में नवाचार और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने बेलगावी एयरोस्पेस क्लस्टर (बीएससी) में 50:50 संयुक्त स्वामित्व वाली सैंड कास्टिंग सुविधा की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह प्रस्तावित सुविधा वाणिज्यिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित की जाएगी। वर्तमान में भारत में एयरोस्पेस-योग्य एनएडीसीएपी प्रमाणित सैंड कास्टिंग सुविधाओं की कमी है। ऐसे में यह पहल देश और दक्षिण पूर्व एशिया के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। भारत में मेक इन इंडिया और उड़ान योजना जैसी पहलों से एयरोस्पेस उद्योग में जबरदस्त विकास हुआ है। निजी क्षेत्र के बढ़ते निवेश और बढ़ते हवाई यातायात के कारण, इस संयुक्त उद्यम से देश में एयरोस्पेस विनिर्माण के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नही है जब मैगेलन और एक्वस एक साथ आए हैं। वर्ष 2007 में दोनों कंपनियों ने एयरोस्पेस प्रोसेसिंग इंडिया की स्थापना की थी, जो एयरबस और बोइंग द्वारा अनुमोदित भारत की पहली थर्ड-पार्टी सरफेस ट्रीटमेंट सुविधा है। इसके अलावा वर्ष 2024 में दोनों कंपनियों ने कर्नाटक में विमान इंजन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा विकसित करने के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे



# 1905 में आए भूकंप के निशान अब तक बाकी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगडा में 1905 में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन इस त्रासदी के निशान और असर अभी तक बने हुए हैं।

कांगड़ा में 1905 में आया भूकंप भारतीय इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक है। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.8 से 7.9 के बीच मापी गई थी और इसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे। इस भूकंप से करीब 53,000 पालतू जानवर मारे गए और लगभग 100,000 इमारतें मलबे में तब्दील हो गयी थी। जलसेतु नेटवर्क सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के पूर्ण रूप से ध्वस्त होने के कारण लंबे समय तक पीड़ा और भारी आर्थिक नुकसान को दंश कांगडा ने झेला है। अतिरिक्त सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन बलवान चंद ने सभी विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा, पीड़ितों को सम्मानित करने और आपदा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर आपदा जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को भूकंप की तैयारियों और लचीलापन-निर्माण उपायों के बारे में शिक्षित करना है। इस अवसर पर निर्धारित प्रमुख कार्यक्रमों में सरकारी और निजी संस्थानों में निकासी अभ्यास, सभी जिला मुख्यालयों में नागरिक एकजुटता मार्च और स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में जागरूकता कार्यशालायें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य आकर्षण केन्द्र एक ड्रिल है, जिसमें हज़ारों लोग ड्रॉप, कवर एंड होल्ड अभ्यास में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त, अप्रैल में ग्राम सभा की बैठकें भूकंप-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्थानीय समुदाय सुरक्षित निर्माण तकनीकों को समझें और अपनायें। अभियान में भूकंप सुरक्षा दिशा-निर्देशों का प्रसार और छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। चंद ने कहा कि पिछली आपदाओं और बढ़ते भूकंप के जोखिमों के मद्देनजर, सरकार ने भविष्य में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और तेज़ कर दिया है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को नए निर्माणों, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अनिवार्य भूकंप-रोधी भवन संहिताओं के साथ बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए संशोधित किया गया है। आपदा-रोधी आवास को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और स्थानीय बिल्डरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में भूकंपीय निगरानी स्टेशनों की स्थापना से वास्तविक समय में अलर्ट मिलेंगे, जबकि आपदा की तैयारी को नियमित सामुदायिक अभ्यास के साथ स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 2023 के मानसून के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 13,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, सरकार भूस्खलन- प्रभावित क्षेत्रों में असुरक्षित विकास को रोकने के लिए जलवायु-अनुकूल निर्माण और इस संबंध में सख्त कानूनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।


# तहव्वुर राणा ने की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग

**वॉशिंगटन।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है।

राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से वांछित तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है।

राणा ने अपने आवेदन में कहा है कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है। वह हृदय धमनी विकार, पार्किंसंस और यूरिनल कैंसर का रोगी है। राणा के वकीलों का तर्क है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता है। तहव्वुर हुसैन राणा (63 वर्षीय) पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा, पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है और सेना में डॉक्टर रहा। हालांकि 90 के दशक में राणा कनाडा चला गया और फिर उसने वहीं की नागरिकता ले ली थी। कनाडा से तहव्वुर राणा अमेरिका पहुंचा और वहां उसने शिकागो में एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म खोली। मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

राणा को साल 2009 में अमेरिकी जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली ने मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। हेडली, तहव्वुर राणा की इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का कर्मचारी था। जांचकर्ताओं का मानना है कि हेडली ने तहव्वुर राणा के इशारे पर ही ये काम किया।



### कौन हैं तहव्वुर राणा

- पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक हैं तहव्वुर राणा
- मुंबई हमले की साजिश रचने का आरोपी
- पाकिस्तानी सेना में भी कर चुका है काम
- डेविड हेडली मुंबई की रेकी करने का भी है आरोपी



